अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक
# राष्ट्रीय प्रस्तावना
गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित
वर्ष : 15 अंक 229 लखनऊ, रविवार, 08 मार्च 2026 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### घरेलू एलपीजी सिलेंडर 60 रुपये, वाणिज्यिक सिलेंडर 114.50 रुपये महंगा

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल तथा गैस की कीमतों में भारी वृद्धि और डॉलर की तुलना में रुपये में जारी गिरावट के कारण तेल विपणन कंपनियों ने शनिवार से रसोई गैस (एलपीजी) के दाम बढ़ा दिये हैं। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में आज से 60 रुपये की बढ़ोतरी की गयी है जबकि 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 114.50 रुपये महंगा हो गया है। दिल्ली में 07 मार्च से घरेलू एलपीजी सिलेंडर 913 रुपये का मिलेगा। यह जुलाई 2023 के बाद का उच्चतम स्तर है। कोलकाता में इसकी नयी कीमत 939 रुपये, मुंबई में 912.50 रुपये और चेन्नई में 928.50 रुपये हो गयी है।

### भारत के उदय को रोका नहीं जा सकता : जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत का उदय ''रोका नहीं जा सकता'' और देश अपनी शक्तियों के आधार पर ही अपने विकास की दिशा तय करेगा। 'रायसीना डायलॉग' में जयशंकर की टिप्पणियां अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के उस बयान के दो दिन बाद आईं, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका भारत को उसी प्रकार के आर्थिक लाभ प्रदान करने की गलती नहीं दोहराएगा, जो उसने चीन को दिए थे और जिसके कारण बीजिंग एक प्रमुख प्रतिद्वंद्वी बन गया। जयशंकर ने एक संवाद सत्र के दौरान कहा, ''आज जब हम देशों के उत्थान की बात करते हैं, तो देशों का उत्थान खुद उन्हीं देशों द्वारा निर्धारित होता है।

### रंग फैक्टरी में भीषण आग, चार महिलाओं की मौत, 13 झुलसे

जींद। हरियाणा के जींद जिले के सफीदों के भाट कॉलोनी स्थित होली रंग बनाने वाली फैक्ट्री में शनिवार को शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग में चार महिलाओं की जलकर मौत हो गई और 13 मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए।घटना की सूचना मिलने पर डीसी, एसपी, पुलिस, फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने फैक्टरी मालिक सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सफीदों स्थित भाट कॉलोनी में रंग फैक्टरी में शनिवार को भी आम दिनों की तरह मजदूर काम कर रहे थे। अचानक आग भड़क उठी और कुछ ही मिनटों में पूरे परिसर में फैल गई।

# ब्रज में भी होगा अयोध्या जैसे भव्य मंदिर का निर्माण : योगी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में पूजन-अर्चन के बाद मुख्यमंत्री योगी ने जनसभा को किया संबोधित

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को मथुरा दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन किए और ब्रज क्षेत्र के विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उनका पूरा कार्यक्रम आध्यात्मिक माहौल में डूबा नजर आया। मुख्यमंत्री ने ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक में हिस्सा लेते हुए क्षेत्र के विकास के लिए कई योजनाओं को मंजूरी दी और अधिकारियों को तीर्थ क्षेत्र की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यदि भगवान कृष्ण की कृपा रही तो जिस तरह अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का कार्य हुआ है, उसी प्रकार यहां भी आगे का कार्यक्रम होगा।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचे। यहां उन्होंने ठाकुर केशवदेव मंदिर, योगमाया मंदिर और गर्भगृह में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए। भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और विधिवत पूजन-अर्चन कर श्रद्धा निवेदित की। ब्रज की पावन धरा से प्रदेशवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

दर्शन के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रज भूमि का कण-कण ऊर्जा और भक्ति से भरा है। प्रभु श्रीकृष्ण के चरणों में शीश नवाकर मन को असीम शांति की अनुभूति होती है। उन्होंने प्रार्थना की कि भगवान का आशीर्वाद प्रदेश के



प्रत्येक नागरिक पर बना रहे। उत्तर प्रदेश निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छुए। उन्होंने कहा मथुरा की धरती का हर कण भगवान कृष्ण की स्मृतियों से जुड़ा हुआ है। यहां की हवा और वातावरण में राधारानी और कृष्ण कन्हैया की भक्ति रची-बसी है, जो हर श्रद्धालु को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करती है।

अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ऐसा बयान दिया जिसने वहां मौजूद लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने कहा कि यदि भगवान कृष्ण की कृपा रही तो जिस तरह अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का कार्य हुआ है, उसी प्रकार यहां भी आगे का कार्यक्रम होगा। जैसे ही उन्होंने यह बात कही, वहां मौजूद श्रद्धालुओं ने जोरदार जयकारे लगाए और पूरा परिसर ह्लजय श्रीकृष्णङ्क के नारों से गूंज उठा।

इससे पहले वृंदावन स्थित गीता शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में आयोजित ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री ने कई विकास परियोजनाओं की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि मथुरा-वृंदावन आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करना बेहद जरूरी है। योगी ने खास तौर पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और तीर्थ यात्रियों के लिए सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर दिया। उनका कहना था कि ब्रज क्षेत्र देश और दुनिया के करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। इसलिए यहां का विकास भी उसी स्तर पर होना चाहिए। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों को होली के पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि हमारे त्योहार हमें जीवन में उत्साह, उमंग और सकारात्मकता बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में नकारात्मकता और अराजकता के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। अगर व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहता है तो उसे सकारात्मक सोच और मजबूत इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ना चाहिए। यही संदेश हमारे पर्व और परंपराएं हमें देती हैं। वृंदावन स्थित गीता शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में आयोजित ब्रज तीर्थ विकास परिषद की समीक्षा बैठक में प्रमुख रूप से कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह, सांसद हेमामालिनी एवं सांसद तेजवीर सिंह, जनपद के प्रभारी मंत्री संदीप सिंह, मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, विधायक राजेश चौधरी, पूरन प्रकाश ठाकुर, मेघ श्याम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, मथुरा-वृन्दावन नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### उप्र बना विश्वास का प्रतीक, यही हमारी सबसे बड़ी पूंजी : मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज, सरकार व संस्थाएं एक साथ एक दिशा में सोचना शुरू करती हैं तो उसका परिणाम विश्वास में बदलता है। विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होनी चाहिए। इसके लिए लोगों को प्रयास करना होता है। यूपी आज विश्वास का प्रतीक बना है। मुख्यमंत्री शनिवार को आगरा में यथार्थ हॉस्पिटल का लोकार्पण करने के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन में 9 वर्ष में उत्तर प्रदेश में मेडिकल क्षेत्र में आए सकारात्मक बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि स्वास्थ्य से बढ़कर कुछ भी नहीं। स्वास्थ्य सुविधा सही, सस्ती और विश्वसनीय होनी चाहिए। उन्होंने आशा जताई कि यथार्थ ग्रुप अवश्य परिणाम देगा और लोगों को स्वस्थ जीवन देकर पुण्य अर्जित करेगा। सरकार भी इस क्षेत्र में हर सहयोग देने को तैयार है।

# जन औषधि केंद्रों से रोजाना 15 लाख से अधिक लोग खरीदते हैं दवाइयां: नड्डा

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आज जन औषधि दिवस मनाया जा रहा है। ऐसे में यह आवश्यक है कि हम प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना की उस महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानें, जिसके माध्यम से देशभर के लोगों तक सस्ती दवाइयां पहुंचाई जा रही हैं। मोदी सरकार की यह पहल कम कीमत वाली जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता को मजबूत बना रही है।

नड्डा ने शनिवार को एक्स पोस्ट पर कहा कि आज देश के शहरों, कस्बों और गांवों में लगभग 18,000 जन औषधि केंद्र संचालित हो रहे हैं, जो लोगों के घरों के नज़दीक आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध करा रहे



हैं। ये केंद्र परिवारों को स्वास्थ्य संबंधी खर्चों को संभालने में मदद कर रहे हैं और इलाज के आर्थिक बोझ को कम कर रहे हैं।

वर्तमान में 15 लाख से अधिक लोग प्रतिदिन इन केंद्रों से दवाइयां खरीदते हैं, जिससे जन औषधि केंद्र लाखों लोगों के लिए एक विश्वसनीय और किफायती स्वास्थ्य समाधान बन गए हैं।

# प्रधानमंत्री ने कोटा एयरपोर्ट का किया शिलान्यास

## हाड़ौती क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई गति : मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कोटा एयरपोर्ट के शिलान्यास समारोह को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि यह आधुनिक हवाई अड्डा हाड़ौती क्षेत्र के विकास को नई गति देगा और आने वाले समय में यहां व्यापार, पर्यटन और रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ सहित पूरे हाड़ौती क्षेत्र के लिए आज का दिन नई उम्मीद और नई उपलब्धि का दिन है। लगभग 1500 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह आधुनिक एयरपोर्ट आने वाले समय में पूरे क्षेत्र के विकास को नई गति देने वाला है। उन्होंने कहा कि



जब यह एयरपोर्ट चालू हो जाएगा तो कोटा सहित पूरे इलाके में यात्रा आसान होगी और व्यापार तेजी से बढ़ेगा। पहले लोगों को हवाई यात्रा के लिए जयपुर या जोधपुर जाना पड़ता था लेकिन अब क्षेत्र के लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कोटा को शिक्षा और ऊर्जा का अनोखा केंद्र बताते हुए कहा कि यहां परमाणु, कोयला, गैस और जल से बिजली उत्पादन होता है। कोटा डोरिया साड़ियों, कोटा स्टोन और बूंदी के बासमती चावल जैसे स्थानीय उत्पादों को भी इस एयरपोर्ट से नई पहचान और बाजार मिलेगा। क्षेत्र में पर्यटन की भी अपार संभावनाएं हैं। श्री मथुराधीश जी, गरड़िया महादेव और मुकुंदरा हिल्स जैसे धार्मिक और प्राकृतिक स्थल देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित कर सकते हैं। बेहतर हवाई संपर्क से इसका सीधा लाभ युवाओं, व्यापारियों और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा।

### जन औषधि परियोजना गुणवत्तापूर्ण एवं सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के सरकार के उद्देश्य को दर्शाती है: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना देश के प्रत्येक नागरिक को किफायती दामों पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मोदी ने कहा कि जन औषधि केंद्रों के माध्यम से अनगिनत परिवार स्वास्थ्य देखभाल खर्चों में बचत कर रहे हैं और उचित उपचार प्राप्त कर रहे हैं। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जन औषधि दिवस 2026 के अवसर पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना से लाभान्वित होने वाले सभी लोगों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। यह पहल गुणवत्तापूर्ण दवाओं को किफायती दामों पर उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।'' प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) नवंबर 2016 में शुरू की गई थी जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों में सुधार करना है।

# कतर ने ईरान के 9 ड्रोन मार गिराए, सऊदी और यूएई ने भी हमलों को किया नाकाम

एजेंसी

इस्तांबुल। पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के बीच खाड़ी क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। ईरान की ओर से सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कतर की तरफ दागे गए मिसाइलों और ड्रोन को इन देशों की वायु रक्षा प्रणालियों ने बड़े पैमाने पर इंटरसेप्ट कर नाकाम कर दिया। कतर का दावा है कि उसने ईरान के 10 में से 9 ड्रोन मार गिराए, जबकि एक सुनसान इलाके में गिरा और किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

तुर्किए की सरकारी न्यूज एजेंसी अनादोलु एजेंसी ने कतर रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि ईरान ने देश



पर 10 ड्रोन हमले किए। इनमें से 9 ड्रोन को वायु रक्षा प्रणाली ने हवा में ही निष्क्रिय कर दिया, जबकि एक ड्रोन दूरदराज के सुनसान इलाके में गिरा। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या बड़े नुकसान की खबर नहीं है।

मंत्रालय ने कहा कि कतर की सशस्त्र बल देश की संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम हैं और नागरिकों एवं विदेशियों से शांत रहने तथा आधिकारिक निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है।

सऊदी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक अल-खार्ज स्थित प्रिंस सुल्तान एयर बेस की ओर दागी गई दो बैलिस्टिक मिसाइलों को सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट कर नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा शायबा ऑयलफील्ड की ओर बढ़ रहे छह ड्रोन भी मार गिराए गए। इससे पहले रियाद के पूर्व में एक अन्य ड्रोन को भी नष्ट किया गया था।

यूएई के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ईरान से आने वाले मिसाइल और ड्रोन खतरों का लगातार जवाब दे रही है। तनाव के बीच दुबई में हवाई यातायात भी प्रभावित हुआ। एयरलाइन ट्रैकर फ्लाइटरडार24 के अनुसार दुबई जाने वाली कई उड़ानें एयरपोर्ट के ऊपर होल्डिंग पैटर्न में रहीं।

# लखनऊ विश्वविद्यालय पुरातन छात्रों के प्रतिनिधि मंडल ने कुलपति से की शिष्टाचार भेंट

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। विश्वविद्यालय पुरातन छात्र संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के नवागत कुलपति प्रोफ़ेसर जेपी सैनी जी से भेंट कर पुरातन छात्रों और छात्र संगठन सहित समस्त छात्रों की ओर से होली की शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रतिनिधि मंडल में विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व महामंत्री अनिल सिंह ''वीरू', ज्ञानेंद्र शुक्ला, शरफ अब्बास ने कुलपति से मुलाकात कर विश्वविद्यालय प्रशासन और पुरातन छात्र संगठन के परस्पर सहयोग की



परंपरा को वर्तमान में निरंतरता प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय में छात्र हित और शैक्षिक उन्नयन में यथासंभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया। उक्त अवसर पर कुलपति महोदय को हबीबुल्लाह छात्रावास द्वारा संपादित पत्रिका ''युगांतर'' भी सप्रेम भेंट की गई। कुलपति जी ने पुरातन छात्रों और प्रशासन के परस्पर सहयोग से लखनऊ विश्वविद्यालय की गौरवशाली परंपरा को निरंतर गतिमान बनाए रखने हेतु अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की।

# प्रियाशा वर्मा ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 324वीं रैंक हासिल की



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। प्रतिभाशाली छात्रा प्रियाशा वर्मा ने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में ऑल इंडिया रैंक 324 प्राप्त कर शहर और प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह उनकी चौथे प्रयास में मिली उल्लेखनीय सफलता है। इस रैंक के आधार पर उन्हें भारतीय राजस्व सेवा (IRS – Income Tax) मिलने की संभावना है। प्रियाशा ने अपनी वैकल्पिक विषय (Optional Subject) के रूप में राजनीति विज्ञान एवं अंतरराष्ट्रीय संबंध (PSIR) को चुना था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा City Montessori School, गोमती नगर-1, लखनऊ से वर्ष 2018 में पूरी की। इसके बाद उन्होंने IIT BHU, वाराणसी से 2022 में स्नातक (B.Tech) की डिग्री प्राप्त की। प्रियाशा के पिता इंद्रजीत वर्मा वर्तमान में पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर में चीफ इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वे UP Metro में जीएम सिविल (GM Civil) के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। प्रियाशा की इस उपलब्धि से परिवार, शिक्षकों और शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के मार्गदर्शन, शिक्षकों के सहयोग और निरंतर मेहनत व अनुशासन को दिया है।

# केदारनाथ से कन्याकुमारी तक बाहर होंगे घुसपैठिया : अमित शाह

एजेंसी

- अमित शाह ने 1100 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया
- उत्तराखंड में ई-जीरो एफआईआर प्रणाली की शुरुआत की, शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाण पत्र दिए

हरिद्वार। उत्तराखंड में हरिद्वार के बैरागी कैंप में आयोजित जन-जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल कार्यक्रम में विशाल जनसमूह को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार केदारनाथ से कन्याकुमारी तक एक-एक घुसपैठिए को देश से बाहर करने के लिए संकल्पबद्ध है। वोटर लिस्ट का शुद्ध होना लोकतंत्र की रक्षा के लिए जरूरी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार राज्य की समस्याओं को चुन-चुन कर हल कर रही है और इसी कारण राज्य तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।

अपने संबोधन की शुरुआत करते



हुए अमित शाह ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अपनी पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए उत्तराखंड के युवाओं को सड़कों पर उतरना पड़ा और रामपुर तिराहा कांड जैसी दुखद घटनाओं का सामना करना पड़ा। बाद में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में उत्तराखंड, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे नए राज्यों का गठन हुआ, जो आज तेजी से विकास कर रहे हैं।

अमित शाह ने कहा कि उन्होंने पहले भी कहा था कि उत्तराखंड को अटल जी ने बनाया है और अब इसे संवारने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 से 2026 तक का समय उत्तराखंड के विकास को समर्पित रहा है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते चार वर्षों में राज्य की कई समस्याओं का समाधान किया है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने नई न्याय संहिता का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंग्रेजों के समय से चले आ रहे लगभग 150 साल पुराने कानूनों को बदलने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2028 तक नई न्याय संहिता के सभी प्रावधान पूरी तरह लागू हो जाएंगे। इसके बाद किसी भी मामले में एफआईआर दर्ज होने से लेकर उच्चतम न्यायालय तक फैसला आने में अधिकतम तीन वर्ष का समय लगेगा। उन्होंने इसे दुनिया की सबसे आधुनिक और वैज्ञानिक न्याय व्यवस्था बताया। अमित शाह ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत भारत की नागरिकता प्राप्त करने वाले शरणार्थियों को बधाई दी। कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन शरणार्थियों का इस देश पर उतना ही अधिकार है जितना प्रधानमंत्री मोदी का है।

# स्वतंत्र देव सिंह गोसाईगंज के दुल्हापुर ग्राम पंचायत से करेंगे जल महोत्सव की शुरूआत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। प्रदेश के हर ग्रामीण घर तक नल से जल पहुंचाने की मुहिम में योगी सरकार एक नया अध्याय लिखने जा रही है। रविवार 8 मार्च से 22 मार्च तक प्रदेश के 100 प्रतिशत पाइप्ड वॉटर सप्लाई वाले गांवों में जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरुआत रविवार को जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह राजधानी के गोसाईगंज स्थित हुसैनाबाद दुल्हापुर ग्राम पंचायत से करेंगे। इस दौरान जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ग्राम पंचायत में जलापूर्ति की पूरी जिम्मेदारी ग्रामवासियों को सौंपेंगे। जल अर्पण गांव बनने के बाद गांव में पानी आपूर्ति की पूरी व्यवस्था ग्रामीण खुद संभालेंगे, जिसका नेतृत्व ग्राम प्रधान करेंगे। रविवार को होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के अलावा विशिष्ट अतिथि मोहनलालगंज के विधायक अमरेश कुमार मौजूद रहेंगे। उत्तर प्रदेश में 22,000 से अधिक गांव हर घर जल घोषितअपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि 8 मार्च से 22 मार्च तक चलने वाले जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के लगभग 22,000 से अधिक गांवों में किया जाएगा। इन गांवों में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन 100 प्रतिशत घरों में जलापूर्ति कर रहा है। प्रदेश के जिन गांवों में 100 प्रतिशत जलापूर्ति कराने का काम पूरा कर लिया गया है। अब उन गांवों की ग्राम पंचायतों के हाथों में पूरी व्यवस्था देने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन पूरे प्रदेश में किया जाएगा। 10 साल तक कार्यदायी संस्था की होगी रखरखाव की जिम्मेदारीउत्तर प्रदेश में चल रही जल जीवन मिशन योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका दीर्घकालिक और टिकाऊ मॉडल है। पेयजल आपूर्ति की जिम्मेदारी संभालने वाली कार्यदायी एजेंसी अगले 10 वर्षों तक संचालन, रखरखाव और गुणवत्ता की सतत निगरानी करेगी। इससे ग्रामीणों को बिना रुकावट, मानक के अनुरूप नल से शुद्ध जल उपलब्ध होता रहेगा।

## केजीएमयू में दरगाह के अतिक्रमण को हटाया,होली की छुट्टी के दौरान किया कब्जा

लखनऊ। केजीएमयू में मजार के पास फिर से हुए अतिक्रमण को आज हटा दिया गया। इस दौरान काफी गहमा-गहमी रही। भारी पुलिस बल तैनात रही। केजीएमयू प्रशासन ने साफ कर दिया कि परिसर में किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं होने देंगे। प्रॉक्टर डॉ. आरएएस कुशवाहा भी कार्रवाई के दौरान मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि होली के दौरान कुछ लोगों ने बांस बल्ली लगाकर अतिक्रमण कर लिया था। अतिक्रमण करने वालों की जानकारी नहीं मिली है। अतिक्रमण हटा दिया गया है। हरमैन शाह दरगाह पर ही आगे बांस-बल्ली लगाकर दरगाह के परिसर को बढ़ाने की कोशिश की गई थी। उन बांस-बल्लियों को भी हटाया गया। कार्रवाई करने पहुंची टीम ने बांस-बल्ली निकाली। उन्हें दरगाह के पास में ही रख दिया। कुछ देर बांस-बल्ली वहां से हटाई गई। परिसर में पुलिस बल तैनात है।

# उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य के हेलीकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी, अमौसी एयरपोर्ट पर कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर में शनिवार को तकनीकी खराबी आने के बाद हेलकॉप्टर की लखऊ के अमौसी एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। हेलीकॉप्टर में सवार उपमुख्यमंत्री समेत सभी लोग सुरक्षित हैं। इसके बाद वह दूसरे हेलीकॉप्टर से कौशांबी के लिए रवाना हुए। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का शनिवार को कौशांबी जनपद में कार्यक्रम प्रस्तावित था। वह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सुबह हेलीकाप्टर से रवाना हुए। हेलीकाप्टर उनका लखनऊ स्थित सरकारी आवास कालिदास मार्ग से करीब लॉमार्ट स्कूल के मैदान से उड़ा। लामार्ट मैदान से कौशांबी के लिए रवाना होने के कुछ ही देर बाद ही पायलट को उसमें तकनीकी खराबी का अहसास हुआ। हेलीकाप्टर में धुंआ भरने लगा। तब तक हेलीकाप्टर रायबरेली के बछरावां तक पहुंच गया था। पायलट ने समझदारी दिखाते हुए हेलीकाप्टर को वापस लखनऊ की ओर मोड़ दिया और अलखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट की पर लैंडिंग कराई गयी। उपमुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, केशव प्रसाद मौर्य का आज कौशाम्बी में कुछ कार्यक्रम प्रस्तावित था। उसी के लिए सुबह वह हेलीकॉप्टर से रवाना हुए। बछरावां तक पहुंचने पर पायलट को कुछ तकनीकी खराब का आभास हुआ और बिना देर किए वह नजदीक हवाई अड्डा लखनऊ स्थित अमौसी पर लैंडिग करायी। हेलीकॉप्टर में मौजूद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य समेत सभी लोग सुरक्षित हैं।

# लखनऊ की बायोटेक्नोलॉजिस्ट तुबा ने प्राकृतिक सौंदर्य उत्पाद तैयार कर पेश की मिसाल



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**'मुख्यमंत्री युवा योजना' के माध्यम से महिला उद्यमी रच रही हैं इतिहास**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें उद्यमी बनाने की दिशा में शुरू किया गया 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' नई संभावनाओं के द्वार खोल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस योजना के तहत युवाओं को बिना बैंक गारंटी और ब्याजमुक्त ऋण की सुविधा मिल रही है। इससे वे अपना व्यवसाय शुरू कर रोजगार मांगने के बजाय रोजगार देने वाले बन रहे हैं। लखनऊ की रहने वाली बायोटेक्नोलॉजिस्ट तूबा की सफलता की कहानी इसी पहल का उदाहरण है। उन्होंने 'सॉइल कॉन्सेप्ट' ब्रांड के माध्यम से न केवल पर्यावरण के अनुकूल प्राकृतिक सौंदर्य उत्पाद तैयार किए, बल्कि कई युवाओं को रोजगार देकर आत्मनिर्भरता की मिसाल भी पेश की है। 'मुख्यमंत्री युवा योजना' के तहत मिला ऋण बना सहारातूबा ने बताया कि उन्होंने प्राकृतिक पर्सनल केयर 'सॉइल कॉन्सेप्ट' ब्रांड की शुरुआत कर पर्यावरण के अनुकूल रोजमर्रा में उपयोग होने वाले उत्पाद बनाने का लक्ष्य बनाया। अपने उत्पादों में एक ऐसा ब्रांड बनाने की यात्रा शुरू की जो पर्यावरण के अनुकूल हो। शुरुआती दिनों में इनको कच्चा माल तैयार करने और मशीनरी इत्यादि खरीदने में समस्याओं का सामना करना पड़ा। इंटीग्रेटेड फाउंडेशन के माध्यम से मुख्यमंत्री युवा योजना की जानकारी मिली। योजना के लिए आवेदन किया और महज 15 दिनों के अंदर ही 05 लाख रुपए का ऋण मिला, जो बिना किसी बैंक गारंटी और पूर्ण रूप से ब्याजमुक्त है। अब वे रसायनमुक्त सौंदर्य प्रसाधन बनाती हैं। इनमें प्रमुख रूप से हर्बल शैम्पू, कंडीशनर, हेयर सीरम, हर्बल हेयर ऑयल, बॉडीवाश, लोशन और हाथ से बने साबुन आदि प्रमुख हैं। इनकी बिक्री से उन्हें अच्छी आय हो रही है।कई युवाओं को रोजगार देकर पेश की आत्मनिर्भरता की मिसालतूबा ने बताया कि 'मुख्यमंत्री युवा' योजना के तहत मिले 05 लाख के ऋण से मैंने मशीनरी और कच्चा माल खरीदा। आज हम बड़े-बड़े ऑर्डर लेकर काम कर रहे हैं। हमारे इस प्रयास से 04 महिलाओं समेत कुल 07 कर्मचारियों को रोजगार का अवसर मिला है। हमारे उत्पाद 50 से ज्यादा आउटलेट्स और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से देशभर में उपलब्ध हैं। 'मुख्यमंत्री युवा' योजना का लाभ लेकर केवल तुबा ही नहीं बल्कि प्रदेश की अन्य युवा महिलाएं भी इसी प्रकार अपना व्यवसाय शुरू कर रहीं हैं। इस पहल ने युवाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ स्वरोजगार के नए अवसर सृजित किए हैं। योगी सरकार का हर साल 01 लाख युवा उद्यमी बनाने का लक्ष्य 'मुख्यमंत्री युवा' योजना के तहत प्रदेश के 21 से 40 वर्ष के युवाओं को ब्याजमुक्त और बिना किसी बैंक गारंटी के ऋण उपलब्ध कराया जाता है। पहले चरण में सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए 5 लाख तक का ब्याजमुक्त ऋण मिलता है। दूसरे चरण के लिए पहले चरण का ऋण समय पर चुकाने वाले उद्यमी 10 लाख तक की परियोजना के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## केजीएमयू में खून की कमी से टालने पड़ रहे ऑपरेशन, प्रशासन ने लोगों से की रक्तदान की अपील

लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ब्लड बैंक में खून का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। खून की कमी के कारण मरीजों के ऑपरेशन टालने पड़ रहे हैं। केजीएमयू प्रशासन ने गंभीर मरीजों की जान बचाने के लिए स्वस्थ लोगों से रक्तदान करने की अपील की है। संस्थान के ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में पिछले वर्ष तक हर समय 3500 से 4000 यूनिट खून का स्टॉक रहता था। इस समय स्टॉक घटकर लगभग 2000 यूनिट रह गया है। अस्पताल में रोजाना 250 से 300 यूनिट खून मरीजों को चढ़ाया जा रहा है। सबसे ज्यादा संकट ए और एबी पॉजिटिव ब्लड ग्रुप का है। करीब 20 दिनों से इन दोनों ग्रुपों के खून की भारी कमी है। फिलहाल प्रतिदिन केवल 20 से 30 यूनिट खून ही उपलब्ध हो पा रहा है, जबकि जरूरत 60 से 70 यूनिट की रहती है। खून की कमी के कारण इन ब्लड ग्रुप के मरीजों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है।

# प्रदेश में 9 हजार महिला संचालित स्टार्टअप बना रहे नई पहचान

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश में महिला उद्यमिता की बढ़ती ताकत साफ दिखाई दे रही है। प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम के विस्तार के साथ महिलाओं की भागीदारी भी तेजी से बढ़ी है। प्रदेश में 9,600 से अधिक महिला संचालित स्टार्टअप्स सक्रिय हैं और यह संख्या करीब 30 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ आगे बढ़ रही है। टेक्नोलॉजी, एग्रीटेक, हेल्थकेयर और सेवा क्षेत्रों में महिलाएं नवाचार के साथ अपनी मजबूत उपस्थिति और पहचान बना रही हैं। महिला संचालित स्टार्टअप्स की यह बढ़ती संख्या प्रदेश में बदलती आर्थिक और सामाजिक तस्वीर को भी दर्शाती है। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से उद्यमिता का एक नया मॉडल उभर रहा है, जो आत्मनिर्भरता, नवाचार और समावेशी विकास को आगे बढ़ा रहा है।प्रदेश में महिला उद्यमिता के इस विकास के पीछे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों और प्रोत्साहन योजनाओं की अहम भूमिका मानी जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा लागू स्टार्टअप नीति और नवाचार को बढ़ावा देने वाली योजनाओं ने महिलाओं को उद्यमिता की ओर आकर्षित किया है। इन पहलों के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण, मेंटरशिप, इन्क्यूबेशन और वित्तीय सहायता जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे वे अपने व्यावसायिक विचारों को वास्तविक उद्यम में बदल पा रही हैं।भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से शुरू किया गया निधि (नेशनल इनिशिएटिव फॉर डेवलपिंग एंड हर्नेसिंग इनोवेशन्स) कार्यक्रम महिला स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 25 महिला स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इस सहयोग से कई महिला उद्यमियों को अपने नवाचार को आगे बढ़ाने और व्यवसाय को विस्तार देने का अवसर मिला है। स्टार्टअप विशेषज्ञ अजय चतुर्वेदी का कहना है कि शुरुआती दौर में मिलने वाली ऐसी वित्तीय सहायता स्टार्टअप्स के लिए बेहद अहम होती है और इससे नए उद्यमों को टिकाऊ बनने में सहायता मिलती है। वित्तीय समर्थन के मामले में यूपी स्टार्टअप फंड भी महिलाओं के लिए एक बड़ा सहारा बनकर उभरा है। योगी सरकार द्वारा बनाए गए 1000 करोड़ रुपये के यूपी स्टार्टअप फंड में से अब तक लगभग 325 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। इनमें 900 से अधिक महिला स्टार्टअप्स को लाभ मिला है। यह वित्तीय सहयोग महिलाओं को अपने स्टार्टअप को आगे बढ़ाने, नई तकनीक अपनाने और बाजार में प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता प्रदान कर रहा है। उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि छोटे शहरों और कस्बों की महिलाएं भी इसमें सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। कई महिला उद्यमी टेक्नोलॉजी आधारित समाधान, एग्रीटेक प्लेटफॉर्म और सेवा क्षेत्र में नए मॉडल विकसित कर रही हैं। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं, बल्कि नवाचार को भी नई दिशा मिल रही है।

## अगर नफल नमाज़ शुरू करने के बाद तोड़ दी है तो उसका लौटाना जरूरी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। रमजान हेल्पलाइन देश में इस किस्म की पहली हेल्पलाइन है। इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया के तहत दारूल निजामिया फरंगी महल में रोज़ेदारों की दीनी और शरअई रहनुमाई के लिए वर्ष 2001 में रमजान हेल्पलाइन कायम की गयी थी जिसकी मकबूलियत खुदा पाक के करम से आज भी बरकरार है। इस हेल्प लाइन से लोग फोन और म.उंपस के जरिए रोजा, नमाज, जकात ऐतिकाफ और दूसरे सवालात मुल्क और बाहर के मुल्कों से भी करते है। इन सवालात के जवाब मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा का एक पैनल देता है, लोग इन नम्बरों 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677 पर सवाल पूछ सकते है।

# युवाओं ने योगी की मां पर टिप्पणी करने वाले मौलाना का पुतला फूंका

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ की मां पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मौलाना अब्दुल्ला सलीम का युवाओं ने आज लखनऊ में पुतला फूंका। युवाओं ने मौलाना की हजरतगंज में शव यात्रा निकाली। उसके बाद चौराहे पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पुलिस ने छात्रों को रोकने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रही। छात्रों ने जमकर हंगामा किया। मौलाना के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तार करने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे युवकों ने कहा योगीजी यूपी के दिल और जान हैं। उनके लिए माताएं और बहनें भी प्रदर्शन करेंगी। प्रदर्शन कर रहे जतिन शुक्ला ने कहा कि हम लोगों ने बिहार के मौलाना सलीम का पुतला जलाया है। होली और रमजान के पवित्र महीने में उसने अपनी मानसिकता दिखाई है। योगी इतने बड़े प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। संत हैं। उनकी मां के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आज हम लोगों ने उसका पुतला फूंका है। अभी उसके ऊपर मुकदमा लिखवा कर जेल भेजवाने का काम करेंगे। जैसे पुतला जल रहा है वैसे मौलाना जैसे मानसिकता के लोग भी जलेंगे। जतिन शुक्ला ने बताया मौलाना ने तकरीर के दौरान सीएम आदित्यनाथ की मां को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की। उत्तर प्रदेश लागू गोकशी कानून और पुलिस को लेकर गलत बयान दिया। इससे पूरे प्रदेश में आक्रोश है। प्रदर्शन कर रहे छात्र अभिषेक ने कहा कि मौलाना ने हमारे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की माता को गाली दिया है। हम सभी छात्र मिलकर इसका विरोध कर रहे हैं। आज हम लोगों की संख्या कम है। अगर बयान देने वाला शख्स माफी नही मांगता है, तो कल हम लोग इससे बड़ी संख्या में आएंगे, प्रदर्शन करेंगे। ऐसे लोग राजनीति चमकाने के लिए इस तरह के बयान देते हैं। योगी आदित्यनाथ की नीतियों का विरोध कीजिए, उनके विचारों का विरोध कीजिए मगर उनकी माता पर टिप्पणी करना बेहद गलत है। योगीजी हमारे उत्तर प्रदेश के दिल और जान हैं। कल हमारे घरों से मां और बहनें प्रदर्शन करने आएंगी। जतिन ने कहा की ये जांच का विषय है कि क्या ऐसे लोगों को किसी का संरक्षण तो नहीं मिल रहा है। अभी कुछ दिन पहले लखनऊ विश्वविद्यालय में लाल बारादरी प्रकरण में कांग्रेस और सपा के लोग एकता और भाईचारा की बातें कर रहे थे। आज इस विषय पर वह सभी लोग मौन हैं। यह उनकी राजनीतिक गरिमा को दर्शाता है। किसी की मां पर इस तरह की टिप्पणी करना बेहद गलत है। योगी सन्यासी हैं, जो अपने घर परिवार को छोड़कर चले आए थे। योगी की मां पूरे भारत देश की मां हैं। यह टिप्पणी योगी की मां पर नहीं, बल्कि मां भारती पर है।

## जिस दुकान पर जीभ से चाटी बर्फ उसमें लगी आग, बगल की दुकान भी जली

लखनऊ। जानकीपुरम में गन्ने के रस की एक दुकान में शनिवार रात आग लग गई। इस दुकान का जीभ से बर्फ चाटने का एक वीडियो शुक्रवार को सामने आया था। चर्चा है कि इसी वजह से ही किसी ने दुकान में आग लगा दी। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस और फायर ब्रिगेड आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। आग की चपेट में बगल की रजाई-गद्दे की दुकान भी आग लग गई थी। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया था। आग से दोनों दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। जानकीपुरम के मुलायम तिराहा स्थित गन्ने की दुकान में शनिवार रात करीब 1 बजे धमाके के साथ आग लग गई। देखते-देखते ऊंचीं लपटें निकलने लगीं। आग की चपेट में पास की रजाई-गद्दे की दुकान भी आ गई। रुई और कपड़ों की वजह से आग और भड़क गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस और फायर स्टेशन को सूचना दी। बक्शी का तालाब फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी पहुंची। अग्निशमनकर्मियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। आग विकराल होने के कारण दूसरी गाड़ी भी बुलाई गई। दोनों गाड़ियों की मदद से करीब 2 घंटे में आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दोनों दुकानों का सारा सामान जलकर राख हो गया। दुकान में रसोई गैस सिलेंडर रखा था। फटने से पहले उसे बाहर निकाल लिया गया, वरना बड़ा हादसा हो जाता। आग लगने के बाद मौके पर भारी भीड़ जुट गई। लोगों ने कहा कि गन्ने के रस की दुकान पर एक बच्चा जीभ से बर्फ चाट रहा था। उसका वीडियो शुक्रवार को सामने आया था।

# ईरान–इजरायल के युद्ध ने बिगाड़ा भारतीय महिलाओं की रसोई का बजट

- **ईरान–इजरायल युद्ध–एलपीजी हुयी मंहगी, अफवाहों से पेट्रोल पंपों पर लगी कतारें**

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। दावे तो यही किये जा रहे है कि पश्चिम एशिया में ईरान-इजरायल युद्ध से भारत पर कोई प्रभाव नही पड़ेगा परंतु युद्ध की आँच भारत पर दिखायी पड़ने लगी है। ताजा हालात के अनुसार देश में सबसे पहले एलपीजी सिलिंडर के दाम बढ़ा दिये गये है। जिससे भारतीय महिलाओं की रसोई का बजट बिगड़ गया है। जिसका सीधा असर रसोई पर तो पड़ा ही है साथ ही आने वाले समय में बाजार पर भी दिखाई देगा। युद्ध के बीच अफवाहो। का बाजार भी काफी गर्म है। पेट्रोन व डीजल के दाम बढ़ने तथा किल्लत या कमी की अफवाहों से पेट्रोल पंपों पर अचानक भीड़ वढ़ गयी है। फिलहाल 14.2 किलो के घरेलू एलपीजी सिलिंडर पर 60 रूपये की बढ़ोत्तरी हो गसी है। पहले आठ सौ नब्बे में मिलने वाला सिलिंडर अब नौ सौ पचास का मिलेगा। चही 19 किलो का कामर्शियल सिलिंडर 115 रूपये मंहगा हो गया है। जिसका सीधा असर रसोई पर तो पड़ा ही है साथ ही कुछ समय में बाजार पर भी दिखायी देगा। वही कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के चलते पट्रोल, डीजल के साथ सीएनजी व पीएनजी की कीमतों में बढ़ोत्तरी की संभावना है। हालांकि इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के सूत्रों के अनुसार देश में ईंधन की सप्लाई पूरी तरह से सामान्य है तथा पेट्रोल व डीजल का पर्याप्त स्टॉक है। तेल कंपनियों ने अपील की है कि पूर्व की घटनाओं की तरह किसी भी प्रकार की अफवाहों पर जनता ध्सान न दे। वही सूत्रों की माने तो भारत सरकार ने ईरान इजरायल युद्ध के चलते तेल कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिये है ताकि एलपीजी सप्लाई सामान्य बनी रहे। युद्ध के हालात कुछ भी हो फिलहाल भारतीय महिलाओं की रसोई का बजट तो युद्ध के चलते बिगड़ ही गया है।

# पड़ोसी राज्यों की अवैध मदिरा के साथ कच्ची, मिलावटी शराब पर लगाया जाए पूर्ण प्रतिबंध : आबकारी मंत्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मध्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने शनिवार को अपने जारी आदेश में कहा है कि पड़ोसी राज्यों की अवैध मदिरा के साथ कच्ची, मिलावटी व चोरी की शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। इसके लिए शासन स्तर से निगरानी करने तथा जिलों की प्रवर्तन टीम को लगातार मॉनिटरिंग करने व राजस्व को हानि पहुंचाने वालों पर प्रभावी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। आबकारी मंत्री शनिवार को लखनऊ के डालीबाग स्थित गन्ना संस्थान में उच्च अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा की। वर्चुअल प्रतिभाग कर रहे सभी जिला आबकारी अधिकारियों (डीईओ) को वर्तमान वित्तीय वर्ष में आबकारी विभाग के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने विगत एक वर्ष में कम राजस्व वसूली वाले 10 जिलों में कानपुर नगर, आगरा, मेरठ, बिजनौर, लखनऊ, बुलंदशहर, हाथरस, मुरादाबाद, अलीगढ़, बरेली के जिला आबकारी अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगे हैं। साथ ही मदिरा एवं भांग की दुकानों के लाइसेंस नवीनीकरण के लिए एक सप्ताह का और अतिरिक्त समय देने का भी निर्देश दिया। उन्होंने प्रदेश में कहीं पर भी मदिरा की ओवररेटिंग पर, औद्योगिक इकाइयों के संचालन में व्यवधान उत्पन्न करने व प्रताड़ित करने की शिकायत पर संबंधित जिला आबकारी अधिकारियों पर सख़्त करवाई करने के भी निर्देश दिए। वहीं, बिजनौर जिले की मदिरा इंडस्ट्री के खिलाफ गैर जिम्मेदारीपूर्ण कार्रवाई पर वहां के जिला आबकारी अधिकारी के कार्यों की जांच कर रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आबकारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप प्रदेश के विकास को आगे ले जाने के लिए सभी अधिकारी पूर्ण लगन, मेहनत एवं ईमानदारी से कार्य करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वैट और जीएसटी के बाद सर्वाधिक राजस्व आबकारी विभाग से प्राप्त होता है। विगत आठ वर्षों में विभाग में काफी पारदर्शिता आयी है और जवाबदेही भी बढ़ी है। अन्य राज्य प्रदेश की आबकारी नीति का अनुसरण कर रहे हैं। पूरे देश में प्रदेश का आबकारी विभाग अन्य राज्यों के लिए रोल मॉडल बन चुका है। इसे बनाए रखने के लिए सभी कार्मिक टीम भावना के साथ कार्य करें। आबकारी मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग के लिए 63 हजार करोड़ रुपये का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया था। उसमें माह फरवरी तक 50 हजार 585 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया जा चुका है। यह विगत वर्ष के इसी माह तक प्राप्त कुल राजस्व 42 हजार 828.57 करोड़ रुपये से सात हजार 756.36 करोड़ रुपये अधिक राजस्व है। यह 118.11 प्रतिशत है। इसी प्रकार फरवरी 2026 में छह हजार 635.79 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई, जो कि विगत वर्ष के इसी माह में प्राप्त चार हजार 928.22 करोड़ रुपये से एक हजार 707.57 करोड़ रुपये अधिक है। यह 134.65 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि विभाग ने विगत माह फरवरी में दो लाख 76 हजार 438 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई तथा अनाधिकृत कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों पर प्रभावी कार्रवाई भी की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव आबकारी वीना कुमारी मीणा, आबकारी आयुक्त डॉ. आदर्श सिंह, विशेष सचिव अभिषेक आनंद सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। सभी जिला आबकारी अधिकारियों ने वर्चुअल प्रतिभाग किया।

# होली मिलन एवं किसान संगोष्ठी कार्यक्रम हुआ आयोजित





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**सवायजपुर ( हरदोई )।** विधानसभा क्षेत्र से लोकप्रिय विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने क्षेत्र के अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र रुपापुर में स्थापित डीसीएम श्री राम शुगर मिल में आयोजित होली मिलन एवं किसान संगोष्ठी कार्यक्रम में सम्मिलित होकर क्षेत्रीय किसान भाइयों से भेंट कर रंग पर्व होली की शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस अवसर गन्ना समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा छोटे भाई धीरेन्द्र प्रताप सिंह सेनानी, यूनिट हेड संजीव तोमर, केन हेड आर सिद्दीकी, सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रीय सम्मानित किसान बन्धु एवं अन्य प्रमुख गणमान्य जन उपस्थित रहें।

# टोडरपुर ब्लॉक प्रमुख ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना



होली मिलन समारोह में मौजूद उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )।** टोडरपुर राजकीय इंटर कालेज के निकट ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि टोडरपुर ने शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी मौजूद रहीं।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा होली का त्यौहार आपसी प्रेम और गिले शिकवे मिटाने का बहुत सुंदर अवसर होता है। इस त्यौहार में लोगों को पुराने आपसी भेदभाव मिटाकर एक दूसरे को गले लगाना चाहिए। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार में सभी को समान रूप से कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। भाजपा सरकार ने किसानों के हित के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई हैं। गरीब वर्ग को मुफ्त राशन, महिलाओं को स्वावलंबित करने के लिए मिशन शक्ति जैसी ऐतिहासिक योजनाओं का संचालन किया है। इस अवसर पर क्रेन ग्रोवर्स सोसायटी के चेयरमैन रंजीत सिंह, समस्त ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## समाजसेविका की अनूठी पहलः सम्मान समारोह के रूप में मनाया होली मिलन कार्यक्रम

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**साण्डी ( हरदोई )।** विकासखंड के बरनई गांव में समाज सेविका तथा कृष्णा कुमारी सेवा संस्थान की संचालिका शालिनी सिंह द्वारा होली मिलन के कार्यक्रम को सम्मान समारोह में के रूप में मनाकर मानवता की मिशाल पेश की गई! समाजसेविका ने अपने गांव के निज निवास पर गांव की महिलाओं को होली के अवसर पर उपहार भेंटकर सम्मानित किया! कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया! समाजसेविका ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं पर पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया!



रमहिलाओं को उपहार देकर सम्मानित करती समाज सेविका शालिनी सिंह



कार्यक्रम के अवसर पर समाजसेविका शालिनी सिंह ने कहा कि होली का पर्व प्रेम सद्भाव एवं एकता का प्रतीक है इसलिए इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करना उनके लिए गर्व की बात है और वह ऐसे कार्यक्रम भविष्य में निरंतर करती रहेगी!

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं को मिठाइयां व उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया गया तथा सभी ने एक दूसरे को होली की बधाई दी! कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने समाजसेविका के इस कार्य की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वचन भी दिया!

## मंसूर नगर में 8 मार्च 2026 को सजेगा खाटू नरेश बाबा श्याम का अलौकिक दिव्य दरबार

**हरियावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** क्षेत्र के मंसूर नगर में 8 मार्च 2026 को ग्राम मंसूर नगर स्थित रामलीला मैदान में चतुर्थ विशाल एवं भव्य श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक महोत्सव में क्षेत्र भर से हजारों श्याम प्रेमियों के पहुँच रहे है। सुबह ०8:00 बजे से गाँव मंसूर नगर देवी माता मंदिर से निशान यात्रा का आयोजन होगा जो पूरे गाँव भ्रमण करते हुए रामलीला मैदान पर विश्राम लेगी। खाटू नरेश का दिव्य और भव्य दरबार बरेली से आये हुये कलाकारों के द्वारा बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार विशेष फूलों से किया जाएगा। संकीर्तन के दौरान बाबा के स्वागत में निरंतर पुष्प वर्षा और इत्र की बरसात होगी। बाबा को विशेष रूप से तैयार छप्पन भोग का अर्पण किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत अखंड ज्योत प्रज्वलन वैदिक रीती के साथ वटूको के मंत्रोचरण साथ होगी, जो भक्तिमय वातावरण को और भी पावन बनाएगी। बाबा के लाडले भजन गायकों द्वारा पूरी रात बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा। वृंदावन से पधारे अमन मिश्री महाराज जी व नाथ बरेली के अनंत मिश्रा व अपर्णा मिश्रा के द्वारा मीठे मीठे भजनों से बाबा को रिझाया जायेगा आयोजन समिति ने भक्तों के लिए उचित बैठने की व्यवस्था और प्रसाद वितरण का भी प्रबंध किया है। समिति के सदस्यों ने सभी धर्मप्रेमियों से सपरिवार इस संकीर्तन में पधारकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया है। रामलीला मैदान में होने वाले इस उत्सव को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।



## संपूर्ण समाधान दिवस में सात शिकायतों का निस्तारण किया गया



शिकायत सुनती मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )।** संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में शनिवार को संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने की। इस मौके पर पुलिस और राजस्व से संबंधित 55 शिकायतें आई। जिनमें से सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तहसील दिवस में पहुंची। उन्होंने यहां पर सभी फरियादियों को एक.एक करके सुना। 55 शिकायतों का पंजीयन किया गया जिनमें से सात शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण के दिया गया। उक्त अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने कहा संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का समय के अंदर निस्तारण होना चाहिए। अधिकारी शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर करें। शिकायतकर्ता को पूर्ण संतुष्टि होनी चाहिए। अगर किसी ने भी शिकायत निस्तारण करने में लापरवाही बरती तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर एसडीएम अंकित तिवारी, नायब तहसीलदार शाहाबाद, नायब तहसीलदार पंडरवा आदि मौजूद रहे।

## बिल्डिंग मटेरियल कारोबारी पर ट्राली छीनने का आरोप

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र में एक दबंग बिल्डिंग मैटेरियल कारोबारी द्वारा एक किसान की ट्राली छीनने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की लिखित शिकायत आईजीआरएस के माध्यम से की गई है। शिकायतकर्ता रामधारी पुत्र गोकरण निवासी ग्राम नरहाई ने बताया उसने अपना मकान बनवाने के लिए मनोज मिश्रा पुत्र सुरेश चंद्र मिश्रा निवासी मोहल्ला दिलेरगंज से मोरंग सीमेंट खरीदा था। जिसमें रूपये 25000 उधार किए थे। रामधारी के अनुसार उसकी पत्नी बीमार हो जाने की वजह से वह अपने वादे के अनुसार जून 2025 में भुगतान नहीं कर पाया तो जुलाई में उक्त मनोज मिश्रा ने अपने भाई और बेटों के साथ मिलकर उसके ट्रैक्टर की ट्राली छीन ली और कहा कि रुपए दे जाना तो अपनी ट्राली ले जाना। आरोप है 6 मार्च को रामधारी अपने गांव के रामचंद्र पुत्र मंगू व शिवपाल पुत्र राम भरोसे को साथ लेकर मनोज के उधारी के रुपए देने के लिए गया तो उक्त बिल्डिंग मटेरियल कारोबारी ने कहा कि वह 5 प्रतिशत का ब्याज भी लगायेगा तभी ट्राली मिलेगी। इस पर रामधारी ने कहा कि उसका ब्याज तय नहीं था और 9 महीने से उसकी ट्राली छीन ली गई जिससे उसकी खेती का काफी नुकसान हुआ है। वह एक पैसा कमा नहीं पाया। इस पर मनोज और उसके भाई ने गाली गलौज करते हुए उसे जान माल की धमकी दी। पीड़ित रामधारी ने आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत करते हुए उच्च अधिकारियों से फरियाद की है।

# सीडीओ ने ब्लॉक का निरीक्षण किया



ब्लॉक का निरीक्षण करती सीडीओ सौम्या छाबड़ा फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )।** शनिवार को तहसील दिवस के बाद सीडीओ सान्या छाबड़ा ने ब्लॉक का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के उपरांत सीडीओ ने पत्रकारों को बताया ब्लॉक में बने सभी पटलों का उनके द्वारा निरीक्षण किया गया। ब्लॉक परिसरए पटल के विभाजनए ग्रामीण पेयजल योजना और ब्लॉक द्वारा संचालित ग्रामीण योजनाओं का निरीक्षण किया गया। जनमानस द्वारा आई शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किये जाने का भी निरीक्षण किया गया है। फ़िलहाल सब ठीक पाया गया जहाँ पर कमियां पाई गयी हैं। बी डी ओ संबंधित एडीओ को एक सप्ताह में उन कमियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा, बीडीओ दिनेश शर्मा, एडीओ पंचायत जितेंद्र तोमर, ब्लॉक के सभी सेक्रेटरी और स्टॉफ उपस्थित रहा।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का परिणाम घोषित



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** मंगली पूर्वा स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित किया जा चुका है।

इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रभक्ति का संचार करना है। इस परीक्षा में कक्षा 5 से कक्षा 10 तक के सभी बच्चों ने प्रतिभा किया। प्रतिभा करने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मुकेश सिंह ने बताया कि शिक्षक और छात्र यह दोनों भविष्य के निर्माता हैं यदि वे इस सांस्कृतिक जागरण का नेतृत्व करें तो भारत पुन: अपनी खोई हुई गरिमा को प्राप्त कर सकता है। सनातन मूल्य की पुनर्स्थापना से संपूर्ण मानवता एक बार फ़िर से देवत्व की ओर अग्रसर होगी और मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण का संकल्प साकार होगा। इसी के साथ उन्होंने बताया कि संस्कृति किसी भी सभ्यता की आधारशिला होती है जो समाज के नैतिक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करती है भारतीय संस्कृति जो आध्यात्मिकता और दर्शन की उत्कृष्ट का प्रतीक है संपूर्ण सृष्टि को एक परिवार मानती है और शोषण रहित संतुलित विकास को बढ़ावा देती है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या भूमिका सिंह ने बताया कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा एक प्रतिष्ठित परीक्षा है जिसका उद्देश्य छात्रों में नैतिक सांस्कृतिक और आचरण संबंधी मूल्य का संचार करना है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चे अर्पिता मिश्रा, आयुषी, काव्या शुक्ला, रिया गुप्ता, साहिल, सुधा, सृष्टि तिवारी, अनन्या गुप्ता, कशिश फातिमा, रीत यादव, चिराग गुप्ता, केशव सिंह, अपूर्वा सिंह, अनुष्का जिसमें विद्यालय के प्रबंधक मुकेश सिंह प्रधानाचार्या भूमिका सिंह लक्ष्मी देवी शिक्षक शिक्षिकाएं कविता गुप्ता, कोमल यादव, मंशा बाजपेयी, अपर्णा श्रीवास्तव, मीनाक्षी सिंह, लवी मिश्रा, सोनम शुक्ला, प्रज्ञा द्विवेदी, सोनी शुक्ला, पूजा चौहान, रामप्रकाश पाण्डेय, अशोक गुप्ता, अभिनव सिंह, आयुष यादव आदि शामिल रहे।

## अपराधियों पर पुलिस की नकेल रूविशेष अभियान में आठ वारंटी दबोचे

**कछौना ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** जिले में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है! अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे कुल आठ वारंटियों को गिरफ्तार किया है! पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद के अलग अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने सघन चेकिंग एवं दबिश अभियान चलाया! इसी क्रम में कोतवाली कछौना के अंतर्गत न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर लंबे समय से फरार चल रहे छोटे पुत्र गयारी, सुनील कंजड़ पुत्र दूजी, बबलू पुत्र मुलई, फकीरे पुत्र गोकुल, लियाकत पुत्र सलारी, रामनिवास पुत्र नान्हू, अनिल पुत्र खुशीराम व रामौतार पुत्र झम्मा सहित कुल आठ वारंटियों को गिरफ्तार किया गया! गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है! पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए यह अभियान जारी रहेगा! उन्होंने कहा कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा और



पुलिस की गिरफ्त में फरार चल रहे वारंटी फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी! वारंटियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अमित सिंह उप निरीक्षक राजकुमार सिंह रामचंद्र शर्मा विशाल पुंडीर राजेश सिंह हेड कांस्टेबल अखंड प्रताप सिंह तूफान सिंह बंटी कुमार आदि शामिल रहे!

## बंद बाथरूम से सड़ा गला शव मिला, एक सप्ताह पूर्व मौत होने की संभावना

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** आरा मशीन पर काम करने वाले एक 50 वर्षीय अधेड़ का बाथरूम से सड़ा गला शव बरामद हुआ है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर पंचनामा की कार्रवाई पूर्ण की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इससे पूर्व फॉरेंसिक टीम ने जांच कर साक्ष्य संकलित किये। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हैदरपुर का रहने वाला नन्हे 50 वर्ष पूर्व में एक आरा मशीन पर काम करता था। पिछले एक साल से उसने काम छोड़ दिया और जियाउद्दीन अंसारी उर्फ लल्लू निवासी मोहल्ला खलील के अल्लाहपुर इब्ने जयी स्थित मकान की चौकीदारी करता था और उसी मकान में रहता था। पुलिस के अनुसार नन्हे शराब पीने का आदी था। इस मकान में पीआरबी का एक सिपाही भी किराए पर रह रहा था। शनिवार को सुबह मकान से काफी बदबू आने लगी तो पीआरबी के सिपाही ने मकान मालिक और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार रायए जामा मस्जिद चौकी इंचार्ज अनिल कुमार सिंहए उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह फोर्स बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। तो नन्हे का शव बंद बाथरूम में पड़ा पाया गया। शव से काफी बदबू आ रही थी और शल में बड़े.बड़े कीड़े पड़ गए थे जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि नन्हे की लगभग एक सप्ताह पहले मौत हुई होगी। अनुमान लगाया जा रहा है कि शराब के नशे में नन्हे बाथरूम में गिर गया जिससे वह बेहोशी की हालत में चला गया और उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर आई और जांच कर साक्ष्य संकलित किये। मकान मालिक जियाउद्दीन अंसारी उर्फ लल्लू की तहरीर पर पंचनामा की कार्रवाई पूर्ण करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक नन्हे के परिवार से कोई भी व्यक्ति सामने नहीं आया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-चन्दसौरा, विकास खण्ड-साण्डी, हरदोई

पत्रांक-मेमो/निविदा/राज्य वित्त /पन्द्रहवा वित्त/2025-26 दिनाँक-07.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/पन्द्रहवाँ वित्त के अन्तर्गत कराए जाने वाले निम्नलिखित कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो / भट्ठा मालिकों से दिनाँक-08.03.2026 से दिनाँक-12.03.2026 तक शाम 03:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं को दिनाँक-12.03.2026 शाम 04:00 बजे फर्मो अथवा उनके नामित प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय में गठित समिति सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्रों की बिक्री उपरोक्त अवधि मे सायं 05:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में क्रय की जा सकती है।

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री | प्राकलन के अनुसार स्वीकृत धनराशि | टेण्डर बिक्री की धनराशि | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | देशराज के घर से रामाधार के घर तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | ईंट, सीमेंट, मौरंग, बालू इण्टरलाकिंग ईंट आदि | 698317.00 रु0 | 100 रु0 | 07 दिन |

**नोट . नियम व शर्तो निम्नवत हैं**

1. एक अथवा समस्त निवेदाये, कोटेशन बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।
2. सामग्री की मात्रा आवश्यकता घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
3. समस्त सामग्री के आपूर्ति कार्य स्थल पर की जाएगी।

(राम बेटी)
प्रधान
ग्राम पंचायत-चन्दसौरा,
विकास खण्ड- साण्डी, हरदोई

(श्रीष मिश्रा)
सचिव / ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत-चन्दसौरा,
विकास खण्ड- साण्डी, हरदोई


# डॉ0 राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय में रोजगार कौशल वृद्धि कार्यक्रम का भव्य समापन एवं प्रमाणपत्र वितरणय 14 मार्च 2026 को महाविद्यालय प्रांगण में लगेगा विशाल जिला रोजगार मेला

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** महिला सशक्तिकरण और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और मील का पत्थर स्थापित करते हुए, डॉ० राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय, अल्लीपुरए हरदोई के प्रांगण में एक भव्य प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की छात्राओं के लिए आयोजित 7 दिवसीय रोजगार कौशल वृद्धि कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस अत्यंत लाभकारी और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ख्याति प्राप्त गैर.सरकारी संगठन श्नांदी फाउंडेशनश् और महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। इस एक सप्ताह के गहन प्रशिक्षण ने न केवल छात्राओं के आत्मविश्वास में अभूतपूर्व वृद्धि की है, बल्कि उन्हें आगामी कॉर्पोरेट चुनौतियों और रोजगार बाजार के लिए पूरी तरह से तैयार भी किया है।

एक सप्ताह के प्रशिक्षण सत्र में महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के विशेषज्ञ प्रशिक्षक सुमित पांडे द्वारा छात्राओं को अत्यंत रोचक, संवादात्मक और व्यावहारिक तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि हरदोई जैसे क्षेत्रों की छात्राओं में जो ऊर्जा और कुछ कर गुजरने का जज्बा हैए वह अद्भुत है। प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक संपन्न होने के पश्चात एक भव्य समारोह में सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। छात्राओं के चेहरों पर एक नई चमक और भविष्य के प्रति असीम उत्साह साफ देखा जा सकता था। इस गरिमामयी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ० एस.एस. त्रिवेदी ने शिरकत की। डॉ0 त्रिवेदी ने अपने सारगर्भित और प्रेरणादायक उद्बोधन में छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज की नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। इस तरह के कौशल विकास कार्यक्रम छात्राओं को उनके भीतर छिपी असीमित संभावनाओं से परिचित कराते हैं। महिंद्रा प्राइड क्लासरूम और नांदी फाउंडेशन का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है, जो हमारी बेटियों को स्वावलंबी और आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग केवल नौकरी पाने तक ही सीमित न रखेंए बल्कि इसे अपने जीवन के हर क्षेत्र में उतारें। डॉ० विवेक बाजपेयी ने सभी छात्र.छात्राओं को खुले मन से आमंत्रित करते हुए बताया कि 14 मार्च 2026 को डा० राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय, अल्लीपुर, हरदोई के प्रांगण में ही एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय के विशेष सहयोग से किया जा रहा है। 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले इस मेले में कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ प्रतिभाग करेंगी। यह हरदोई और इसके आस.पास के क्षेत्रों के युवाओं के लिए अपने ही शहर में सम्मानजनक नौकरियां प्राप्त करने का एक स्वर्णिम अवसर है। मैं महाविद्यालय के सभी छात्रों के साथ.साथ क्षेत्र के सभी शिक्षित बेरोजगार युवाओं से अपील करता हूँ कि वे इस रोजगार मेले में बढ़.चढ़कर हिस्सा लें और अपने सपनों को साकार करें। कार्यक्रम के अंतिम चरण में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ० स्नेह अवस्थी ने औपचारिक रूप से धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। डॉ० स्नेह अवस्थी ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में विशेष रूप से नांदी फाउंडेशन की समन्वयक आरती का हृदय से आभार व्यक्त कियाए जिनके अथक प्रयासों और सटीक समन्वय से इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार हुई और इसे महाविद्यालय में सफलतापूर्वक लागू किया जा सका। डॉ० अवस्थी ने कहा कि नांदी फाउंडेशन और महिंद्रा प्राइड क्लासरूम जैसी संस्थाएं वास्तव में देश के युवाओं के भविष्य को संवारने का अमूल्य कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के कई वरिष्ठ और सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। समारोह में मुख्य रूप से डॉ० एस.के. पांडे, डॉ० रश्मि द्विवेदी, आनंद विशारद, आर.पी. शर्मा, अनूप सिंह, नवीन शुक्ला और डॉ० प्रिया जायसवाल की विशेष एवं गरिमामयी उपस्थिति रही।





कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और सामूहिक हर्षोल्लास के साथ हुआ।

# नीतीश का अप्रत्याशित कदम

ऐसा लगता है कि बिहार में पहले से लिखी स्क्रिप्ट को अमली-जामा पहनाने का उपक्रम शुरू हो गया है। जिसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिये नामांकन के रूप में देखा जा रहा है। इस घटनाक्रम का महत्व कितना अधिक है,यह नामांकन के मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पटना पहुंचने से पता चलता है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि बिहार की राजनीति में दो दशकों के बाद राज्य की सत्ता में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। जनता दल यूनाइटेड के सुप्रीमो नीतीश कुमार, जिन्होंने चार माह से भी कम समय पहले रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, लेकिन अब अप्रत्याशित रूप से इस प्रतिष्ठित कुर्सी को छोड़ने को तैयार हैं। अब 75 वर्षीय नीतीश कुमार आगामी राज्यसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। बहरहाल, विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए पर्याप्त बहुमत के कारण उनकी जीत निश्चित मानी जा रही है। निष्कर्ष यह भी है कि राज्यसभा चुनाव में सफल होने के बाद उनका मुख्यमंत्री के रूप में दो दशक पुराना सफर समाप्त हो जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य में उनका अगला उत्तराधिकारी भाजपा से ही आएगा। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2025 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा ने जो अच्छा प्रदर्शन किया था, उसके चलते ही नीतीश को फिर से सत्ता में बने रहने में मदद मिली थी। लेकिन तभी राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे थे कि कालांतर उनको पद छोड़ना ही होगा, अब चाहे यह स्वेच्छा से हो या मजबूरी में। निस्संदेह, उत्तर भारत में बिहार एकमात्र ऐसा हिंदी भाषी राज्य है जहां अब तक भाजपा का कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा है। वहीं दूसरी ओर अटकलें लगायी जा रही हैं कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार, जो सक्रिय राजनीति में अभी नये हैं, नई सरकार में उप मुख्यमंत्री बन सकते हैं। बहुत संभव है बिहार में भाजपा की महत्वाकांक्षा को देखते हुए जेडीयू अपनी पार्टी का जनाधार बनाये रखने के लिये पार्टी के लिये उपमुख्यमंत्री पद चाह रही हो। हो सकता है कि सत्ता में अचानक आने वाले इस बड़े बदलाव को लेकर कुछ जेडीयू नेताओं में असंतोष देखने में आए। अनुभवी व उम्रदराज नीतीश कुमार के सामने भी चुनौती है कि कैसे अपने दल के विधायकों को एकजुट रखा जाए। साथ ही यह सुनिश्चित करना कि उनकी पार्टी का जनाधार प्रभावित न हो। वहीं दूसरी ओर नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने की स्थिति में लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को राज्य की राजनीति में अपनी पैठ मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। यह घटनाक्रम मुख्य विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल के लिये महत्वपूर्ण होगा क्योंकि वह सत्ताधारी गठबंधन की कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिशें तेज करेगा। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया पोस्ट में नीतीश कुमार ने दो दशक की पारी में सहयोग के लिये बिहार की जनता का आभार जताया है तथा अपना दायित्व निभाने की बात कही है। साथ ही राज्यसभा में जाने की तार्किकता का भी जिक्र किया है और विकसित बिहार के संकल्प को फिर से दोहराया है। निस्संदेह, वर्ष 2005 से अब तक, बीच के कुछ महीनों को छोड़कर, उनका सत्ता में बने रहना अभूतपूर्व रहा है। किसी भी गठबंधन की सरकार रही हो, नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बने रहे। यही वजह है कि जेडीयू में कार्यकर्ताओं का एक वर्ग उनके राज्यसभा में जाने को लेकर निराश है। बहरहाल, अब तक विधान परिषद, बिहार विधानसभा और लोकसभा का सदस्य रहने के बाद, वे राज्यसभा के भी सदस्य बन जाएंगे। वहीं राज्य की विपक्षी पार्टी कांग्रेस बिहार की सत्ता में होने वाले बदलाव को जनता के साथ छल बता रही है। इसे जनादेश के विरुद्ध कदम बताया जा रहा है। वहीं आरजेडी की तरफ से कहा जा रहा है कि इस बड़े राजनीतिक घटनाक्रम से बिहार की जनता हतप्रभ है। यह सब भाजपा के विधानसभा में संख्याबल के दबाव में होना था, लेकिन यह इतना जल्दी हो जाएगा, इसकी उम्मीद नहीं थी। वे इसे जेडीयू के संकुचन की शुरुआत बता रहे हैं।

**यह तय हो गया है कि बिहार की राजनीति में दो दशकों के बाद राज्य की सत्ता में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। जनता दल यूनाइटेड के सुप्रीमो नीतीश कुमार, जिन्होंने चार माह से भी कम समय पहले रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, लेकिन अब अप्रत्याशित रूप से इस प्रतिष्ठित कुर्सी को छोड़ने को तैयार हैं। अब 75 वर्षीय नीतीश कुमार आगामी राज्यसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। बहरहाल, विधानसभा में सत्तारुढ़ गठबंधन के लिए पर्याप्त बहुमत के कारण उनकी जीत निश्चित मानी जा रही है।**

# क्यों हो रही है योगी की छवि धूमिल करने की राजनीति

अजय कुमार

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव इन दिनों मोदी-योगी और बीजेपी के तमाम नेताओं के खिलाफ अपनी तीखी भाषा और तंज भरी शैली के चलते राजनीतिक हलकों में छाए हुए हैं। वे लगातार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते रहते हैं, ठीक वैसे ही जैसे कंग्रेस के राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हैं। अखिलेश, सीएम योगी की छवि को धूमिल करने के लिए हर मौके को हथियार बनाते हैं। योगी की वेशभूषा पर सवाल उठाते हैं तो उनकी क्षमता पर भी चोट करते हैं। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था की तारीफ देश-दुनिया कर रही हो, अखिलेश उसी पर तंज कसते हैं। भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं, निवेश प्रयासों का मजाक उड़ाते हैं। यहां तक कि योगी के विदेश दौरों को भी निशाने पर लेते हैं। वे उपमुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के बीच कलह की अफवाहें फैलाते हैं। उन्हें सौ विधायक लाने और मुख्यमंत्री बनने का प्रस्ताव देते रहते हैं। अब तो यह भी कह रहे हैं कि 2027 का विधानसभा चुनाव नहीं होगा, बल्कि 2029 का लोकसभा चुनाव ही होगा। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के बहाने भी योगी पर प्रहार कर रहे हैं। ये सारी बातें अखिलेश की रणनीति का हिस्सा लगती हैं, जो योगी सरकार को कमजोर दिखाने पर तुली हुई हैं। खैर, राजनीति में बयानबाजी का यह खेल पुराना है, लेकिन अखिलेश इसे एक कला बना चुके हैं। वे हर सार्वजनिक मंच पर योगी को निशाना बनाते हैं। योगी जब भी कोई नया कदम उठाते हैं, अखिलेश तुरंत उस पर सवाल खड़े कर देते हैं। मसलन, योगी के विदेश भ्रमणों को वे व्यर्थ बताते हैं। कहते हैं कि ये दौरें केवल दिखावा हैं, असल में प्रदेश का विकास रुका हुआ है। निवेश सम्मेलनों का भी वे मजाक उड़ाते हैं। दावा करते हैं कि ये सब आंकड़े काल्पनिक हैं, जमीन पर कुछ नहीं हो रहा। कानून व्यवस्था पर तो उनकी बोलचाल में सबसे ज्यादा तीखापन आता है। योगी सरकार जब अपराध पर सख्ती की बात करती है, अखिलेश पुराने आंकड़े निकालकर हमला बोलते हैं। कहते हैं कि अपराधी अभी भी खुले घूम रहे हैं, पुलिस की कार्रवाई केवल नाम की है। भ्रष्टाचार के आरोप तो वे रोजमर्रा की बात की तरह लगाते हैं। विभागों पर भ्रष्टाचार का ठप्पा लगाते हैं,अधिकारियों को निशाना बनाते हैं। योगी की वेशभूषा पर तंज कसना उनका पुराना शगल है। भगवा वस्त्रों को लेकर व्यंग्य करते हैं, कहते हैं कि यह आडंबर है, असली सेवा जमीन पर दिखानी चाहिए। इन तमाम हमलों से योगी की साफ-सुथरी छवि पर ग्रहण लगाने की कोशिश साफ झलकती है। अखिलेश की रणनीति में उपमुख्यमंत्रियों को शामिल करना नई चाल है। वे केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के बीच दरार की कहानियां गढ़ते हैं। कहते हैं कि योगी के नेतृत्व में ये दोनों असहज हैं। उन्हें बार-बार ललकारते हैं सौ विधायक लाओ, मुख्यमंत्री बन जाओ। यह बयान भाजपा के अंदर कलह फैलाने का प्रयास है। अखिलेश जानते हैं कि भाजपा की एकजुटता ही उसकी ताकत है। इसलिए वे छोटे-छोटे बीज बोकर दरार पैदा करने की कोशिश करते हैं। मौर्य और पाठक को निशाना बनाना इसलिए आसान है क्योंकि वे पिछड़े वर्ग और अन्य समुदायों के प्रतिनिधि हैं। अखिलेश इनके माध्यम से समाजवादी समर्थकों को लुभाने का प्रयास करते हैं। योगी पर सीधा हमला न हो सके तो अप्रत्यक्ष रूप से सरकार को कमजोर दिखाते हैं। यह चाल चाणक्य नीति जैसी लगती है, जहां शत्रु को अंदर से तोड़ा जाता है। भाजपा कार्यकर्ता इन बयानों से भड़कते हैं, लेकिन अखिलेश को इससे सुर्खियां मिलती हैं। मीडिया इन बयानों को प्रमुखता से दिखाता है, जिससे अखिलेश का संदेश दूर-दूर तक फैलता है। सबसे चौंकाने वाला बयान तो 2027 के विधानसभा चुनाव न होने का है। अखिलेश कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में अब विधानसभा चुनाव नहीं होगा, 2029 का लोकसभा चुनाव ही मुख्य होगा। यह बयान केंद्र और राज्य की सत्ता पर सवाल उठाता है। विपक्षी नेता इसे लोकतंत्र पर हमला बताते हैं, लेकिन अखिलेश इसे हथियार बनाते हैं। वे कहते हैं कि भाजपा चुनाव से डर रही है, इसलिए इसे टालने की साजिश रच रही है। यह दावा आधारहीन लगता है, लेकिन अखिलेश के समर्थकों में उत्साह भर देता है। वे इसे योगी सरकार की नाकामी का प्रमाण बताते हैं। वास्तव में यह बयान भविष्य की राजनीति को प्रभावित करने का प्रयास है। 2027 का चुनाव भाजपा के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि योगी की लोकप्रियता परखी जाएगी। अखिलेश पहले से ही प्रचार शुरू कर चुके हैं। समाजवादी कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के लिए यह बयान हवा में आग लगाने जैसा है। विपक्षी दल इसे दोहराते हैं, जिससे माहौल गरमाता जाता है। अखिलेश की यह शैली उन्हें युवा वोटरों का चहेता बनाती है। उनकी भाषा सरल, तीखी और याद रखने लायक होती है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का मुद्दा उठाकर अखिलेश ने धार्मिक भावनाओं को भी छुआ है। शंकराचार्य ने योगी सरकार पर आलोचना की, तो अखिलेश ने इसे पकड़ लिया। वे कहते हैं कि धार्मिक नेता भी योगी से नाराज हैं। यह बयान हिंदू वोट बैंक को भेदने की कोशिश है। योगी की हिंदुत्व छवि मजबूत है, लेकिन अखिलेश इसे कमजोर करने पर तुले हैं। शंकराचार्य के बहाने वे कहते हैं कि योगी धार्मिक मामलों में भेदभाव करते हैं। यह प्रहार सीधा सीने पर है। उत्तर प्रदेश में धर्म का महत्व बहुत है, इसलिए अखिलेश इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते। वे हर धार्मिक आयोजन पर योगी को घेरते हैं। राम मंदिर निर्माण हो या काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, इनका श्रेय योगी को देते हुए भी कमियां निकालते हैं। अखिलेश की यह रणनीति लंबे समय से चल रही है। मुलायम सिंह यादव के जमाने से समाजवादी पार्टी विपक्ष की भूमिका निभाती रही है। लेकिन अखिलेश ने इसमें आधुनिकता जोड़ी है। सोशल मीडिया का सहारा लेते हैं, छोटे वीडियो बनवाते हैं। उनके बयान वायरल होते हैं, लाखों लोग देखते हैं। दरअसल, योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता अखिलेश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। योगी ने पांच साल में विकास के कई काम किए हैं। सड़कें बनीं, बिजली पहुंची, अपराध पर नियंत्रण हुआ। निवेश सम्मेलनों से अरबों के प्रस्ताव आए। लेकिन अखिलेश इन सबको नकारते हैं। वे कहते हैं कि ये सब कागजी हैं, किसानों की हालत खराब है। बेरोजगारी बढ़ रही है, युवा परेशान हैं। महंगाई पर भी तंज कसते हैं। योगी के बुलडोजर अभियान को अन्याय बताते हैं। कहते हैं कि निर्दोषों के घर तोड़े जा रहे हैं। यह मुद्दा पिछड़े इलाकों में गूंजता है। इन्हीं बयानों के सहारे अखिलेश समाजवादी पार्टी को पुनर्जनन देने के लिए संघर्षरत हैं। 2017 में हार के बाद 2022 में फिर हार मिली। अब 2027 की तैयारी में जुटे हैं। उनकी तंज शैली वोटरों को जोड़ती है। खासकर यादव और मुस्लिम वोट बैंक को मजबूत करती है। वे योगी को चुनौती देते हैं बहस हो तो आओ। लेकिन बहस से बचते हैं। अखिलेश की भाषा में व्यंग्य का पुट ऐसा है कि सुनने वाले हंसते भी हैं और सोचने पर मजबूर हो जाते हैं। वे योगी को महंत कहकर चिढ़ाते हैं। कहते हैं कि महंत साधु हैं, राजनीति में क्या करेंगे। वेशभूषा पर तंज मारते हुए कहते हैं कि भगवा पहनकर विकास नहीं होता। केशव प्रसाद मौर्य को ललकारते हुए कहते हैं कि साहब, साहब कहना बंद करो, सत्ता संभालो। ब्रजेश पाठक को चेतावनी देते हैं कि योगी के डर से मत डरो। ये बयान भाजपा के अंदर खलबली मचा देते हैं। योगी शांत रहते हैं, लेकिन उनके समर्थक जवाब देते हैं। राजनीतिक बहस तेज हो जाती है। अखिलेश को इससे फायदा होता है। वे विपक्ष के चेहरा बन चुके हैं। अन्य दल उनके पीछे आते हैं। यह सारी रणनीति 2027 के चुनाव के लिए है। अखिलेश जानते हैं कि योगी मजबूत हैं, लेकिन कमजोरियां ढूंढनी हैं। कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी ये मुद्दे उठाकर वे वोटरों को लुभाते हैं। शंकराचार्य का मुद्दा धार्मिक वोट प्रभावित करेगा। उपमुख्यमंत्रियों पर हमला भाजपा को बांटेगा। चुनाव न होने का दावा भय पैदा करेगा। अखिलेश की तंज शैली उन्हें अलग बनाती है। वे भाषणों में कविताएं सुनाते हैं, मुहावरों का इस्तेमाल करते हैं। युवा उन्हें पसंद करते हैं। सोशल मीडिया पर उनके क्लिप्स ट्रेंड करते हैं। समाजवादी पार्टी को नई ऊर्जा मिल रही है। योगी सरकार को सतर्क रहना होगा। अखिलेश के हमले तेज होंगे। राजनीति का यह युद्ध जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश की सियासत में रोमांच बना रहेगा। अखिलेश यादव सुर्खियों के सितारे बने रहेंगे।

# आजम का समय खराब तो अखिलेश का नये चेहरे पर दांव

संजय सक्सेना

**सपा के अन्य मुस्लिम नेताओं द्वारा नसीमुद्दीन को स्वीकारना आसान नहीं होगा, क्योंकि पार्टी में पहले से इमरान मसूद जैसे सहारनपुर के दिग्गज हैं जिन्होंने पश्चिमी इलाके में दर्जन भर सीटों पर असर जमाया है। आशु मलिक जैसे नेता भी जिले के निकाय चुनावों में इमरान से टकरा चुके हैं, और सिसामऊ से इरफान सोलंकी तक सपा के छत्तीस मुस्लिम विधायकों में आंतरिक खींचतान पुरानी है। नसीमुद्दीन को बुंदेलखंड संभालने का मौका मिला तो इमरान सहारनपुर की आठ सीटों पर असहज हो सकते हैं, क्योंकि दोनों का वोट बैंक ओवरलैप करता है।**

उत्तर प्रदेश की सियासत में मुस्लिम मतदाता सदैव निर्णायक भूमिका निभाते रहे हैं। करीब 125 सीटों पर इनका असर सीधे नतीजों को प्रभावित करता है, खासकर पश्चिमी इलाके में जहां मुस्लिम आबादी चालीस फीसद तक पहुंच जाती है। भाजपा को छोड़ अन्य सभी दल इन मतों को हथियाने के लिए होड़ लगाए रहते हैं, और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव इस दौड़ में सबसे आगे दिखते हैं। जेल में बंद आजम खान से लेकर बसपा और कांग्रेस छोड़ हाल ही में पार्टी में आए नसीमुद्दीन सिद्दीकी तक पर वे दांव लगा रहे हैं, ताकि यूपी में मुस्लिम वोटों के एक और सौदागर ओवैसी की बढ़ती चुनौती का मुकाबला हो सके। आज हालात यह है कि जेल में बंद आजम खान की कमी सपा के लिए गहरी चोट साबित हो रही है, क्योंकि रामपुर से सहारनपुर तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश की उन 60 से अधिक सीटों पर उनका जादू बरकरार है जहां मुस्लिम मतदाता जीत हार तय करते हैं। जेल की चारदीवारी में बंद होते हुए भी उनके समर्थक बाहर चिल्ला रहे हैं, पश्चिमी इलाके के छह जिलों में मुस्लिम आबादी पैंतालीस फीसद से ऊपर होने के कारण वहां सपा का वोट बैंक डगमगाने लगा है। नसीमुद्दीन सिद्दीकी इस कमी को कितना भर पाएंगे, यह सवाल खड़ा हो गया है, क्योंकि बसपा से होते हुए कंग्रेस तक अपनी यात्रा में उन्होंने बुंदेलखंड के दर्जन भर जिलों में मुस्लिम मतों को संगठित करने का लोहा मनवा लिया है। हाल ही में पंद्रह फरवरी को सपा में शामिल होने के बाद वे बुंदेलखंड की उन पचास सीटों पर फोकस कर रहे हैं जहां मुस्लिम आबादी तीस फीसद के आसपास है, और पूर्व में बसपा के प्रमुख मुस्लिम नेता के रूप में उन्होंने वहां सत्रह विधायकों को जुटाया था। नसीमुद्दीन की ताकत उनकी रणनीतिक चतुराई में है, जो आजम की जमीनी पकड़ से अलग लेकिन पूरक साबित हो सकती है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आजम के खालीपन को वे पूरी तरह न भर सकें, क्योंकि वहां सहारनपुर से मुरादाबाद तक की इक्कीस मुस्लिम बहुल सीटों पर आजम का नाम ही वोट जुटाता रहा है। लेकिन बुंदेलखंड में उनकी पैठ गहरी है, जहां झांसी, बांदा, चित्रकूट जैसे जिलों की अट्ठारह सीटों पर मुस्लिम मतदाता निर्णायक हैं और नसीमुद्दीन ने बसपा काल में इनमें से आधे पर असर डाला था। सपा को कुल मिलाकर एक सौ पचास सीटों पर फायदा हो सकता है, क्योंकि नसीमुद्दीन पूर्वांचल से बुंदेलखंड तक सौ से अधिक सीटों पर मुस्लिम युवाओं को लुभाने का दावा कर रहे हैं। ओवैसी की पार्टी हर ग्राम पंचायत में इकसठ सदस्यीय समितियां गढ़ रही है, जो पश्चिमी इलाके की पचास सीटों पर सेंध लगा सकती है, लेकिन नसीमुद्दीन का अनुभव इस खतरे को कम कर सकता है। सपा के अन्य मुस्लिम नेताओं द्वारा नसीमुद्दीन को स्वीकारना आसान नहीं होगा, क्योंकि पार्टी में पहले से इमरान मसूद जैसे सहारनपुर के दिग्गज हैं जिन्होंने पश्चिमी इलाके में दर्जन भर सीटों पर असर जमाया है। आशु मलिक जैसे नेता भी जिले के निकाय चुनावों में इमरान से टकरा चुके हैं, और सिसामऊ से इरफान सोलंकी तक सपा के छत्तीस मुस्लिम विधायकों में आंतरिक खींचतान पुरानी है। नसीमुद्दीन को बुंदेलखंड संभालने का मौका मिला तो इमरान सहारनपुर की आठ सीटों पर असहज हो सकते हैं, क्योंकि दोनों का वोट बैंक ओवरलैप करता है। लेकिन अखिलेश की चतुराई से यह संतुलन बन सकता है, क्योंकि पिछले चुनावों में सपा ने इक्यावन मुस्लिम बहुल सीटों पर मजबूत प्रदर्शन किया था और नसीमुद्दीन जैसे चेहरे से वह संख्या सत्तर तक पहुंच सकती है। आजम की कमी का असर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उन छब्बीस जिलों में सबसे ज्यादा दिखेगा जहां मुस्लिम आबादी छब्बीस फीसद है, और सपा को वहां सत्तावन सीटें गंवाने का डर सता रहा है। नसीमुद्दीन इसकी भरपाई बुंदेलखंड से कर सकते हैं, जहां उन्होंने बसपा में अठारह नेताओं को संगठित किया था और अब सपा के सत्रह पूर्व विधायकों के साथ मिलकर चालीस सीटों पर दबदबा बना सकते हैं। ओवैसी का भूत सपा के सिर सवार है, क्योंकि उनकी पार्टी पंचायत स्तर पर बूथ मजबूत कर रही है और मुस्लिम युवाओं को छीनने की कोशिश में जुटी है, लेकिन नसीमुद्दीन का आना सपा को सांस लेने का मौका देगा। शिवपाल सिंह यादव की जेल मुलाकातें आजम का आशीर्वाद दिला सकती हैं, और अगर आजम ने हामी भरी तो नसीमुद्दीन को आगे बढ़ाया जाएगा। सपा की भाषा शैली अब बदल रही है, क्योंकि नसीमुद्दीन जैसे नेता मुस्लिम वोटों को जोड़ने के साथ जाट और पिछड़े समीकरण भी साधेंगे। उत्तर प्रदेश की कुल मुस्लिम आबादी पांच करोड़ के करीब पहुंच चुकी है, जो सवा सौ सीटों पर फैली हुई है। आजम के बिना पश्चिमी इलाके की उन तैंतीस सीटों पर खतरा बढ़ गया जहां मुस्लिम तीस फीसद से ज्यादा हैं, लेकिन नसीमुद्दीन बुंदेलखंड की उन सत्ताईस सीटों से भरपाई करेंगे जहां उनका पुराना नेटवर्क काम आएगा। पार्टी के अन्य मुस्लिम चेहरों जैसे नईम उल हसन या नफीस अहमद स्वीकार करेंगे या नहीं, यह आंतरिक कलह पर निर्भर है, लेकिन इमरान मसूद की असहजता पहले ही सतह पर आ चुकी है। कुल मिलाकर नसीमुद्दीन आजम की कमी का आधा भर सकते हैं, क्योंकि पश्चिमी यूपी में आजम का जादू अनोखा है जो इक्कीस जिलों की सौ एक सीटों पर फैला है, जबकि नसीमुद्दीन बुंदेलखंड और पूर्वांचल की सौ सीटों पर मजबूत हैं। सपा के मुस्लिम नेताओं में कलह बरकरार रहेगी, क्योंकि सिकंदरपुर के जियाउर रिजवी से गोपालपुर के नफीस तक कई दावेदार हैं, लेकिन अखिलेश की रणनीति से संतुलन बनेगा। ओवैसी की आक्रामकता पश्चिमी इलाके में सेंध लगाएगी, लेकिन नसीमुद्दीन का सहारा सपा को मजबूत कर सकता है। योगी सरकार तुष्टीकरण पर हमला बोलेगी, पर अगर आजम का समर्थन मिला तो सपा बेदम नहीं पड़ेगी। इस जोड़ी की सफलता से सपा की कमर सीधी हो सकती है, वरना ओवैसी का डर हकीकत बन जाएगा।

# नारी शक्ति का नया युग और वास्तविक चुनौतियां

**अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष**

ललित गर्ग

**वर्ल्ड इकनोमिक फोरम कि स्थिति बताती है कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तो महिलाएँ लगभग बराबरी के स्तर तक पहुँच गई हैं, परंतु आर्थिक अवसरों और राजनीतिक नेतृत्व में अभी भी उनकी भागीदारी सीमित है। वैश्विक स्तर पर महिलाएँ कुल कार्यबल का लगभग 42 प्रतिशत ही हैं और शीर्ष प्रबंधकीय पदों पर उनकी हिस्सेदारी लगभग एक-तिहाई के आसपास है। भारत में भी स्थिति मिश्रित है।**

मानव सभ्यता के विकास की कथा में यदि किसी शक्ति ने सबसे अधिक सृजन किया है, तो वह नारी शक्ति है। वह जीवन की जननी है, संस्कृति की वाहक है और समाज की संवेदनशील आत्मा है। भारतीय परंपरा ने नारी को केवल एक सामाजिक भूमिका तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे 'माता' के रूप में सर्वोच्च आदर दिया। 'मातृदेवो भवः' की वाणी से लेकर 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' की घोषणा तक हमारी संस्कृति में नारी के प्रति श्रद्धा का अद्वितीय भाव दिखाई देता है। यही कारण है कि भारत में धरती, गौ और मातृभूमि तक को 'माता' कहकर संबोधित किया गया। किन्तु विडम्बना यह है कि जिस समाज ने नारी को देवी का दर्जा दिया, उसी समाज में आज भी नारी असुरक्षा, भेदभाव और हिंसा का सामना कर रही है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 हमें केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं देता, बल्कि यह अवसर देता है कि हम नारी की वास्तविक स्थिति का गंभीर आत्ममंथन करें। विश्व स्तर पर किए गए अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि नारी की स्थिति में प्रगति अवश्य हुई है, किन्तु समानता, सुरक्षा एवं स्वतंत्रता की यात्रा अभी लंबी है। विश्व आर्थिक मंच की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 के अनुसार विश्व में लैंगिक समानता का लगभग 68.8 प्रतिशत अंतर ही समाप्त हो पाया है, अर्थात अभी भी लगभग एक तिहाई अंतर शेष है। आर्थिक भागीदारी के क्षेत्र में यह अंतर सबसे अधिक है, जहाँ समानता केवल लगभग 61 प्रतिशत तक ही पहुँची है। वर्ल्ड इकनोमिक फोरम कि स्थिति बताती है कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तो महिलाएँ लगभग बराबरी के स्तर तक पहुँच गई हैं, परंतु आर्थिक अवसरों और राजनीतिक नेतृत्व में अभी भी उनकी भागीदारी सीमित है। वैश्विक स्तर पर महिलाएँ कुल कार्यबल का लगभग 42 प्रतिशत ही हैं और शीर्ष प्रबंधकीय पदों पर उनकी हिस्सेदारी लगभग एक-तिहाई के आसपास है। भारत में भी स्थिति मिश्रित है। एक ओर भारतीय महिलाएँ अंतरिक्ष, विज्ञान, सेना, राजनीति और प्रशासन में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर श्रम बाजार में उनकी भागीदारी अभी भी कम है। हाल के आँकड़ों के अनुसार भारत में महिला श्रम भागीदारी दर लगभग 32 प्रतिशत है और बड़ी संख्या में महिलाएँ घरेलू दायित्वों के कारण रोजगार से बाहर रहती हैं। बिजनेस स्टैंडर्ड के यह आँकड़े केवल संख्या नहीं हैं, यह समाज की संरचना, सोच और अवसरों की असमानता को उजागर करते हैं। आज दुनिया के अनेक देशों में महिलाएँ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, वैज्ञानिक, सैन्य अधिकारी और उद्योगपति के रूप में नेतृत्व कर रही हैं। भारत में भी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, वैज्ञानिक और फाइटर पायलट के रूप में महिलाओं की उपस्थिति इस परिवर्तन का प्रमाण बनी है और बन रही है। किंतु इसके साथ यह भी सत्य है कि दुनिया में अभी भी केवल सीमित देशों में ही महिलाएँ सर्वोच्च राजनीतिक पदों पर हैं और समान वेतन का प्रश्न अभी भी अधूरा है। कई अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार महिलाओं को समान कार्य के लिए पुरुषों की तुलना में औसतन कम वेतन मिलता है। एक और चिंताजनक तथ्य यह है कि संघर्ष, युद्ध और संकट की स्थितियों का सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। हाल के वैश्विक अध्ययनों के अनुसार 2024 में लगभग 67 करोड़ महिलाएँ ऐसे क्षेत्रों में रह रही थीं जो किसी न किसी प्रकार के हिंसक संघर्ष से प्रभावित थे। नये युग की समस्याएं जैसे जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद, गरीबी और डिजिटल असमानता भी महिलाओं के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी कर रही हैं। यदि इन समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दशकों में करोड़ों महिलाएँ और लड़कियाँ अत्यधिक गरीबी की ओर धकेली जा सकती हैं। इतिहास के पन्ने यह भी बताते हैं कि जब-जब समाज संकट में पड़ा, तब-तब नारी शक्ति ने असाधारण साहस का परिचय दिया। स्वतंत्रता संग्राम में रानी चेनम्मा, बेगम हजरत महल, रानी अवन्तीबाई, सरोजिनी नायडू और दुर्गा भाभी जैसी वीरांगनाओं ने यह सिद्ध किया कि नारी केवल करुणा की प्रतिमा नहीं, बल्कि संघर्ष और साहस की भी प्रतीक है। लेकिन इतिहास के इन गौरवपूर्ण अध्यायों के बावजूद सामाजिक वास्तविकता कई बार पीड़ादायक दिखाई देती है। दहेज, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी और यौन अपराध आज भी दुनिया के अनेक समाजों में मौजूद हैं। यह केवल कानून का नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता का प्रश्न है। दरअसल नारी समस्या का मूल कारण केवल बाहरी संरचनाएँ नहीं हैं, बल्कि वह सोच है जिसने सदियों तक नारी को 'कमजोर' मानकर उसकी क्षमता को सीमित करने का प्रयास किया। जब समाज नारी को केवल भूमिका से जोड़ता है, व्यक्ति के रूप में नहीं देखता, तभी असमानता जन्म लेती है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का वैश्विक संदेश भी इसी दिशा में संकेत करता है- ''सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, न्याय और वास्तविक कार्रवाई।'' यह संदेश हमें याद दिलाता है कि आज भी दुनिया में महिलाओं को पुरुषों के समान कानूनी अधिकार पूरी तरह प्राप्त नहीं हैं और औसतन उन्हें पुरुषों के मुकाबले लगभग 64 प्रतिशत ही कानूनी अधिकार प्राप्त हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ कि यह स्थिति हमें सोचने के लिए बाध्य करती है कि केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन कानूनों को सामाजिक चेतना में बदलना भी आवश्यक है। नारी सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ केवल अधिकार देना नहीं है, बल्कि अवसर, सम्मान और निर्णय लेने की स्वतंत्रता देना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल साक्षरता, आर्थिक स्वावलंबन और राजनीतिक भागीदारी, ये पाँच स्तंभ नारी सशक्तिकरण की वास्तविक नींव हैं। परंतु इस परिवर्तन की शुरुआत घर से ही होगी। यदि परिवार में बेटी और बेटे को समान अवसर मिलते हैं, यदि शिक्षा में भेदभाव समाप्त होता है, यदि विवाह और दहेज जैसी कुप्रथाओं को समाज स्वयं अस्वीकार करता है, तभी नारी की वास्तविक मुक्ति संभव है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उल्लेखनीय कदम उठाये हैं। चाहे उज्ज्वला योजना के द्वारा उन्हें गैस सिलिंडर दिलाना हो, गावों में घरों और शौचालय का निर्माण हो या नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पास कराना। आज दुनिया के सभी देश इस बात को मान रहे है की मोदी के नेतृत्व में भारत की महिलाएं बहुत आगे बढ़ रही है। खेल जगत से लेकर मनोरंजन जगत तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा तक में महिलाएं बड़ी भूमिका में हैं। बात भारतीय या अभारतीय नारी की नहीं, बल्कि उसके प्रति दृष्टिकोण की है। आवश्यकता इस दृष्टिकोण को बदलने की है, जरूरत सम्पूर्ण विश्व में नारी के प्रति उपेक्षा एवं प्रताड़ना को समाप्त करने की है। इस दिवस की सार्थकता तभी है जब महिलाओं को विकास में सहभागी ही न बनाये बल्कि उनके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने की वीभत्सताओं एवं त्रासदियों पर विराम लगे, ऐसा वातावरण बनाये। नारी को भी अपने भीतर की शक्ति को पहचानना होगा। इतिहास गवाह है कि जब नारी ने अपने आत्मबल को पहचाना है, तब समाज की दिशा बदल गई है। शिक्षा और आत्मविश्वास नारी के लिए वही भूमिका निभाते हैं जो प्रकाश अंधकार के लिए करता है। आज की नारी केवल अधिकारों की मांग करने वाली नहीं, बल्कि परिवर्तन की निर्माता है। वह विज्ञान में शोध कर रही है, आकाश में विमान उड़ा रही है, संसद में कानून बना रही है, और समाज में नेतृत्व कर रही है। फिर भी हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि नारी सम्मान का प्रश्न केवल महिलाओं का नहीं, बल्कि पूरे समाज की सभ्यता का प्रश्न है। जिस समाज में नारी सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर होती है, वही समाज वास्तव में विकसित और मानवीय कहलाता है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का वास्तविक संदेश यही है कि नारी को सम्मान देने का कार्य केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि पूरे वर्ष की सामाजिक चेतना होना चाहिए। जब समाज यह स्वीकार कर लेगा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला नहीं, बल्कि भविष्य की निर्माता है, तब वह दिन दूर नहीं होगा जब 'नारी सशक्तिकरण' शब्द की आवश्यकता ही समाप्त हो जाएगी- क्योंकि नारी स्वाभाविक रूप से सशक्त होगी और तब शायद दुनिया सचमुच उस आदर्श को जी पाएगी, जिसे भारतीय संस्कृति ने हजारों वर्ष पहले कहा था-ल्यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता।

# स्वयं सहायता समूह की वीडियो को बनाया जायेगा लखपती : केशव मौर्य

- डिप्टी सीएम ने किया सदस्य मेला वह सदस्य महोत्सव का उद्घाटन

**राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क**



कौशाम्बी। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बाबू सिंह डिग्री कॉलेज मैदान सयारा में आयोजित सरस मेला एवं सरस महोत्सव कार्यक्रम का फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद, कपड़े और घरेलू उत्पादों की विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान महिलाओं की गोद-भराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं में अपार प्रतिभा है और सरकार उनके उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग दे रही है। उन्होंने जनपद के प्रत्येक स्वयं सहायता समूह से कोई न कोई उत्कृष्ट उत्पाद तैयार करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में जनपद में 10 दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के सरस मेले का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समूहों के माध्यम से कपड़ा, राशन और मसाले की फैक्ट्रियां स्थापित करने की कार्ययोजना बनाई जा रही है, जिससे महिलाओं की आय बढ़ेगी और उन्हें लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य पूरा किया जा सकेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में स्वयं सहायता समूह की 6 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद कौशाम्बी में लगभग 1 लाख 54 हजार महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण विभाग के माध्यम से एक करोड़ रुपये की यूनिट लगाने पर 35 प्रतिशत यानी 35 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है तथा सोलर लाइट की व्यवस्था भी की जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत है और अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। आने वाले छह महीनों में स्वयं सहायता समूहों की शक्ति को तीन गुना तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है और अधिक से अधिक महिलाओं को इससे जोड़ा जायेगा। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ पुष्पवर्षा कर फूलों की होली भी खेली और सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर चायल विधायक पूजा पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा, अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के सदस्य जितेन्द्र कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि, जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार व मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में ग्राम मिर्ज़ापुर जवई की स्वयं सहायता समूह सदस्य सरिता ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने ई-रिक्शा खरीदा और अब उसे चलाने के साथ अन्य लोगों को प्रशिक्षण भी देती हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है।

# 10 लाख के चोरी के माल के साथ अंतर्राज्यीय शातिर चोर गिरफ्तार

- मोबाइल व लोहे की दुकान का ताला तोड़कर की थी चोरी

**राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क**



बांदा। शहर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न स्थानों से हुई चोरियों का चंद घंटों में खुलासा करते हुए अंतर्राज्यीय शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोर के कब्जे से लगभग 10 लाख रुपए कीमत के 31 मोबाइल फोन, ईयरबड. चेक व नकद रुपए बरामद किए।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर जनपद में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। शहर कोतवाली क्षेत्र के ज्योति नगर में 4/5 की रात संतोष विश्वकर्मा की मोबाइल और बिजलीखेड़ा में दिनेश कुमार प्रजापति के लोहे व सरिये की दुकान का शटर का ताला तोड़कर चोर लाखों रुपये का माल और नगदी ले उड़े। दोनों व्यापारियों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी को टीमों का गठन किया। शहर कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद व संदिग्धों से पूछताछ कर अभियुक्त की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर सीमावर्ती मध्य प्रदेश के अजयगढ़ थाना क्षेत्र के चांदी पट्टी निवासी राजू उर्फ पिट्टू उर्फ पिट्टी पुत्र रामकिशोर को छोटा बाइपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोर के कब्जे से करीब 10 लाख रुपए कीमत के 31 मोबाइल फोन, ईयरबड आदि सहित एसबीआई चेक व नकद रुपए बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए चोर ने एक साल पहले शहर कोतवाली क्षेत्र के नरैनी रोड स्थित केसीएनआईटी के पास फॉर्म हॉउस में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

# 47 प्रार्थना पत्रों में महज सात शिकायतों का हुआ निस्तारण

- शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करने के डीएम ने दिए निर्देश
- डीएम व एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनीं लोगों की फरियादें



**राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क**

बांदा। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सदर तहसील में फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। डीएम ने कहा कि संबंधित अधिकारी संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराएं। फरियादियों को शिकायतों के निस्तारण लिए बार-बार भाग-दौड़ न करना पड़े। सदकर तहसील सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 47 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इनमें राजस्व, पुलिस, विकास, नगर पालिका, चकबंदी, विद्युत व अन्य विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए। मौके पर मात्र सात शिकायतों का निस्तारण जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से कराया। कनवारा गांव निवासी फरियादी की जमीन पर अवैध कब्जा की शिकायत पर डीएम ने राजस्व निरीक्षक को पैमाइश करने के निर्देश दिए। लामा गांव में मनरेगा कार्य भुगतान की फरियादी ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया।

## एसआईआर प्रक्रिया में पार्टी के एजेंटों को सक्रियता से काम करने की नसीहत

बांदा। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में आगामी 15 मार्च को आयोजित होने वाले कांशीराम के जयंती समारोह को भव्य तरीके से मनाने के साथ ही पंचायत चुनाव और एसआईआर प्रक्रिया पार्टी के बीएलए की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने पर बिंदुवार चर्चा की गई। पार्टी पदाधिकारियों ने सभी मुद्दों पर अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए और संगठन को मजबूत करके 2027 के विधानसभा चुनाव में भारी जीत दर्ज कराने का संकल्प दोहराया। शनिवार को सपा के जिला कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री विशंभर प्रसाद निषाद ने एसआईआर प्रक्रिया में पार्टी के बूथ लेवल एजेंटों को सक्रिय रहकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की नसीहत दी। कहा कि एसआईआर के माध्यम से सत्ताधारी भाजपा वोटों की चोरी करना चाहती है।

# आधी आबादी ने 'मीठी क्रांति' के जरिए लिखी आत्मनिर्भरता की नई इबारत

- महिलाओं ने शहद उत्पादन के क्षेत्र में बढ़ाया मजबूती से कदम
- जिले की लगभग 125 महिला किसान मधुमक्खी पालन से जुड़ी

**राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क**



बांदा। बुंदेलखंड की साहसी महिलाओं ने अब 'मीठी क्रांति' के जरिए आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिखनी शुरू कर दी है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़कर जिले के छह ब्लॉकों की महिलाओं ने मधुमक्खी पालन को अपनी आय का जरिया बना लिया है। महिलाएँ न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं, बल्कि समाज के लिए महिला सशक्तिकरण का उदाहरण बनकर भी उभर रही हैं।

जिले में मधुमक्खी पालन की सफलता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि महिलाओं ने फरवरी में मात्र 75 बॉक्स लगाकर एक हफ्ते में 36 किलो शहद प्राप्त किया। वर्तमान में जिले के छह ब्लॉकों की महिलाओं ने 125 महिलाएं इस काम को लगन से कर रही हैं। इस मुहिम की शुरुआत नरैनी क्षेत्र के नीबी व सढ़ा से फरवरी के महीने में हुई। नीबी गांव की मुन्नीबाई व चुन्नी और सढ़ा गांव की उमा, ऊषा, जनकदुलारी, सुंता और सुमन समेत सैकड़ों महिलाएं अपनी सफलता की मिसाल पेश कर रही हैं। विभाग द्वारा बॉक्स मिलने और डीआईआरडी (डीआईआरडी) से प्रशिक्षण लेने के बाद महिलाओं के हाथ अब हुनरमंद हो चुके हैं। मुनाफ़े की बात करें तो अलग-अलग फूलों के हिसाब से शहद की कीमतें भी महिलाओं को मिल रही हैं। सरसों का शहद 600 रुपये प्रति किलो, नीम का शहद 1000 रुपये किलो, जामुन का शहद 800 रुपये किलो, वन तुलसी का शहद 1200 रुपये प्रति किलो बिकता है।

### सरकारी ऋण बना महिलाओं का सुरक्षा कवच

फार्म आजीविका मिशन जिला मिशन प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बुंदेलखंड की महिलाएं आज साबित कर रही हैं कि ग्रामीण परिवेश की वह अगर ठान लें तो तकनीकी ज्ञान और सरकारी सहयोग से अपना खुद का साम्राज्य खड़ा कर सकती हैं। यह बात केवल मुनाफ़े की नहीं है। बल्कि उन हजारों महिलाओं के सपनों की है जो अब अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा और परिवार को अच्छी जीवनशैली देने में सक्षम हैं। इन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में 125 महिलाएं मधुमक्खी पालन कर रही हैं।

# भावानात्मक लगाव से लबरेज एसपी ने बालिकाओं की हौसला अफजाई की

**राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क**



कानपुर देहात। रसूलाबाद में समाधान दिवस में शिरकत करने पहुँची पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय के समक्ष दो बालिकाएं अचानक आ गई और बड़ा पुलिस अधिकारी बनने की इच्छा जाहिर की। करुणा से ओतप्रोत एसपी ने बिना देरी किये दोनों बालिकाओं को माला पहनाकर हौसलाअफजाई की और चॉकलेट देकर खूब तरक्की करने की शुभकामनाएं दी। समाधान दिवस में यह नजारा मजमा लग गया और लोग दांतो लते अंगुली दबा गये। मौजूद फरियादियों ने एसपी के भावानात्मक लगाव की सराहना की। देखते ही देखते तहसील परिसर में यह चर्चा का विषय बन गया। सोशल मीडिया पर फ़ोटो जब वायरल होने लगी तो कस्बे सहित इलाके में कुशल नेतृत्व की लोग भूरि भूरि सराहना करने लगे। एसपी ने बालिकाओं से कहा कि उनकी यह महत्वाकांक्षा सराहनीय है तथा कड़ी मेहनत, लगन और शिक्षा के बल पर वे निश्चित रूप से अपना सपना साकार कर सकती हैं। पुलिस अधीक्षक ने उन्हें भविष्य में पुलिस सेवा में आने हेतु शुभकामनाएं भी दीं।

## शिवरात्रि मेले के विवाद पर गरमाया माहौल, बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

उन्नाव। शिवरात्रि मेले के दौरान हुए विवाद को लेकर शुक्रवार को बजरंग दल के कार्यकर्ता पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि मेले में उत्पात मचाने वालों पर कार्रवाई करने के बजाय बीच-बचाव करने वालों के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। बजरंग दल के पदाधिकारी नितिन शुक्ला ने बताया कि 15 फरवरी को नवाबगंज ब्लॉक के मही नईमपुर गांव में शिवरात्रि मेले का आयोजन किया गया था। आरोप है कि मेले के दौरान कुछ लोगों ने वहां लगी मूर्तियों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए उन्हें पाखंड बताया और मेले में तोड़फोड़ कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि जब मेले में मौजूद महंतों और साधु-संतों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, तो आरोपितों ने महंतों के साथ मारपीट शुरू कर दी।

# एसपी ने नारदाश्रम पर मत्था टेक क्षेत्र की मांगी खुशहाली

- चौकी नारखास का एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने किया निरीक्षण
- व्यवस्था दुरुस्त रखने के चौकी प्रभारी को दिये निर्देश

**राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क**



कानपुर देहात। रसूलाबाद कोतवाली अंतर्गत चौकी नारखास का एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने निरीक्षण कर हकीकत परखी और साफ सफाई रखने के निर्देश दिये।

बाद में चौकी से सटे नारदाश्रम पर पहुंच कर एसपी ने राम दरबार की आरती व पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने मंदिर परिसर में स्थापित माँ दुर्गा से विनती कर सबके सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर के पुजारी महेश अवस्थी ने पंचमुखी हनुमान के दर्शन करा मस्तक पर रोली का टीका लगा खुशहाली का आशीर्वाद दिया। वहीँ उन्होंने आश्रम परिसर की सुरक्षा व्यवस्था भी परखी और चौकी प्रभारी शिव बहादुर सिंह को व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। वहीँ एसपी ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने की सभी से अपील की।

## राष्ट्रीय गौ रक्षक दल के अध्यक्ष ने कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण

बांगरमऊ-उन्नाव। राष्ट्रीय गौ रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्याम जी महाराज ने शनिवार को फतेहपुर चौरासी नगर पंचायत स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौवंशों की स्थिति का जायजा लिया और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वामी श्याम जी महाराज ने गौशाला में मौजूद गौवंशों के रख-रखाव, साफ-सफाई तथा उनके लिए उपलब्ध भूसा और हरे चारे की व्यवस्था को देखा। उन्होंने गौवंशों की बेहतर देखभाल करने और उनके लिए पर्याप्त भोजन व पानी की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में गौवंशों की उचित देखभाल और उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों से गौवंशों की नियमित देखरेख करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की बात कही। निरीक्षण के समय राष्ट्रीय गौ रक्षक दल के जिला उपाध्यक्ष पवन पांडे नातेदार भी मौजूद रहे। उन्होंने भी गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कर्मचारियों से गौवंशों की सेवा में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने की अपील की।

## एडीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

पुरवा-उन्नाव। सम्पूर्ण समाधान दिवस श्री विधेय एडीएम नमामि गंगे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। आज चार प्रकरणों का निस्तारण भी कराया गया। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव समेत सभी सक्षम अधिकारी उपस्थित रहे। शनिवार को मार्च माह के पहले सम्पूर्ण समाधान दिवस में नमामि गंगे योजना के अपर जिलाधिकारी श्री विधेय ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और मातहतों को निराकरण हेतु निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने भी समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। आज राजस्व विभाग के 14, पुलिस विभाग के 9, विकास के 4 व अन्य विभागों के 4 प्रकरण आए जिनमें से 4 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर कराया गया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.-05-DYCEGA-2026**

उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:

क्र.सं. : 1, कार्य का विवरण : गोरखपुर में – महाप्रबंधक, पू.उ.रे., गोरखपुर के अन्तर्गत सभी कार्यालयों में प्रसाधन (पुरुष एवं महिला) महिला कामन रूम, वाशरूम इत्यादि के नवीनीकरण/सुदृढ़ीकरण का प्रस्ताव, अनुमानित लागत : रु. 3,16,74,123.23, बयाने की राशि : रु. 3,08,400.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य : रु. 0.00, स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/समय: 10 माह, कुल योग: रु. 3,16,74,123.23.

1. ई-निविदा के खुलने की तिथि दिनांक 30.03.2026 को 11.00 बजे। 2. ई-निविदा की बिडिंग तिथि 16.03.2026 से 30.03.2026 समय 10.59 बजे तक। 3. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 4. यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मुजवि/डब्लू-58 उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे.

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

# भाजपा का दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण महाअभियान शुरू

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 का शुभारंभ, कार्यकर्ताओं को संगठन, विचारधारा व तकनीक के उपयोग का दिया प्रशिक्षण

**राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क**




उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी, जनपद उन्नाव की ओर से शनिवार को जिले के विभिन्न मंडलों में दो दिवसीय 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन, वंदे मातरम के सामूहिक गायन तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की।

ल्कार्यकर्ता निर्माण से राष्ट्र निर्माणङ्क की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में पहले दिन तीन महत्वपूर्ण सत्र संपन्न हुए। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य संगठन की कार्यपद्धति, विचारधारा और आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं को कुशल व वैचारिक रूप से सशक्त बनाना है।

**विधानसभा वार आयोजित हुए प्रशिक्षण शिविर-** बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र के गंजमुरादाबाद मंडल का प्रशिक्षण विशाल गेस्ट हाउस में आयोजित हुआ। सफीपुर मंडल का प्रशिक्षण कालिंदी इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ। उन्नाव सदर विधानसभा के सरोसी व मसवासी मंडल का संयुक्त प्रशिक्षण सिया कॉन्टिनेंटल में हुआ। भगवंतनगर विधानसभा के बदरका व सि0 कर्ण मंडल का प्रशिक्षण परिमल वाटिका में विधायक आशुतोष शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित किया गया। वहीं पुरवा मंडल का प्रशिक्षण सूर्यप्रताप डिग्री कॉलेज, डेला में संपन्न हुआ।

इन विषयों पर दिया गया प्रशिक्षण- प्रशिक्षण सत्रों में वक्ताओं ने भाजपा के इतिहास व विकास, वैचारिक अधिष्ठान, संगठन की कार्यपद्धति और कार्य विस्तार पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके साथ ही बूथ प्रबंधन, 'मन की बात', टिफिन बैठक, बूथ स्तरीय स्थायी कार्यक्रम, केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां तथा सोशल मीडिया, नमो ऐप, सरल ऐप और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रभावी उपयोग की जानकारी भी कार्यकर्ताओं को दी गई।

इन वक्ताओं ने किया मार्गदर्शन

प्रशिक्षण सत्रों में जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद अवस्थी, राधेश्याम रावत, प्रभान शंकर दीक्षित, निवर्तमान जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री नीरज सिंह, विधायक श्रीकांत कटियार, पंकज गुप्ता, बंबा लाल दिवाकर, आशुतोष शुक्ला, अनिल सिंह, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह, गिरजा शंकर गुप्ता, वेणु रंजन भदौरिया, सरोज सिंह चौहान, जिला महामंत्री बिपिन मिश्रा, प्रवीण सिंह नूतन, आशीष बाजपेई 'अटल', जिला उपाध्यक्ष राकेश कृष्ण साहू, आशादीन तिवारी, अवधेश दीक्षित, दिनेश गुप्ता, अरुण दीक्षित, सूर्य कुमार बाजपेई, राकेश सिंह, आईटी प्रमुख अवनीश शुक्ला, सोशल मीडिया संयोजक जैनेन्द्र शुक्ल, पूर्व मीडिया प्रभारी विजय द्विवेदी और आईटी सह संयोजक मनीष पांडेय ने विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को संबोधित।

# एनएसएस सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ, युवाओं को समाज सेवा के लिए किया प्रेरित

**राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क**



बांगरमऊ-उन्नाव। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत रसूलपुर रूरी में संचालित विशम्भर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय, रसूलपुर रूरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 'शक्ति' के सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रथम दिवस उद्घाटन कार्यक्रम के साथ प्रारंभ हुआ। 50 स्वयंसेवकों के इस शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत मटुकरी में किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान आई. आर. साहिल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बांगरमऊ के वरिष्ठ पत्रकार मनीष मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त दुबे ने की। संचालन सांस्कृतिक परिषद के संयोजक अमित कुमार प्रजापति ने किया, जबकि कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कुलदीप कुमार शुक्ला ने किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद स्वयंसेवकों ने सरस्वती वंदना तथा राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि आई. आर. साहिल ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन और सेवा भावना का विकास करता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 27.03.2026 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 0023/2026 दिनांक 05-03-2026 |
| 2. | निविदा संख्या | 38-S/DEN-I-LKO-2025-26 |
| 3. | कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-प्रथम/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में आलमबाग/कारपोरेशन/लखनऊ में इनडोर गेमिंग सुविधाओं जैसे बैडमिंटन हॉल जिम टेबल टेनिस जिम और संबंधित सुविधाओं का निर्माण। |
| 4. | अनुमानित लागत | रु. 18599005.78 |
| 5. | धरोहर राशि | रु. 243000 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7. | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 13.03.2026 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 27.03.2026 को 15:00 बजे |
| 9. | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट:- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 760/26

# शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : सीडीओ

- सीडीओ की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में तहसील पलिया के सभागार में ''संपूर्ण समाधान दिवस'' आयोजित हुआ। इस अवसर पर सीडीओ ने एसपी डॉ ख्याति गर्ग व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान सीडीओ व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है।

गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस समाधान दिवस में कुल 68 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 37, पुलिस विभाग की 13, विद्युत विभाग की 04, नगर निकाय 03, विकास विभाग की 02, आपूर्ति विभाग की एक, अन्य की 08 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान एसडीएम डॉ अवनीश कुमार, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, डीपीआरओ विशाल सिंह, तहसीलदार सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्रशासन ने संवेदनशील पहल करते हुए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को सम्मानित किया। सीडीओ अभिषेक कुमार व एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता और डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह के साथ दोनों योजनाओं के 05-05 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए। इस दौरान बच्चों को ज्योमेट्री बॉक्स और लंच पैकेट भी दिए गए। सीडीओ ने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा और बेहतर भविष्य के लिए सहयोग प्रदान करना है।

# अमेरिका के हस्तक्षेप पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, एलपीजी मूल्य वृद्धि पर भी घेरा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। कंग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने भारत की तेल खरीद नीति में अमेरिका के कथित हस्तक्षेप को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि विगत 11 फरवरी को संसद में कंग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि अमेरिका भारत को यह बता रहा है कि उसे कहां से तेल खरीदना है और कहां से नहीं। अब मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए उनकी चेतावनी सच साबित होती नजर आ रही है। रवि तिवारी ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए एक महीने की अस्थायी छूट देने की बात सामने आ रही है, जो कई सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि आखिर अमेरिका कौन होता है जो भारत की तेल खरीद नीति और व्यापारिक निर्णयों को तय करे। भारत किस देश से तेल खरीदेगा या नहीं खरीदेगा, इसका फैसला भारत की जरूरतों के अनुसार होना चाहिए, न कि किसी अन्य देश की इच्छा के अनुसार। उन्होंने कहा कि भारत के हित और स्वाभिमान से जुड़ा यह एक गंभीर विषय है और देश जानना चाहता है कि देश की ऊर्जा नीति भारत तय करेगा या कोई बाहरी शक्ति। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 70 वर्षों में ऐसी स्थिति कभी देखने को नहीं मिली और सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है जो देश से छिपाई जा रही है। इसके साथ ही कंग्रेस प्रवक्ता ने घरेलू रसोई गैस के दामों में बढ़ोतरी को लेकर भी केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि आम आदमी पहले से ही महंगाई की मार झेल रहा है, ऐसे में सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 60 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर जनता की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। तिवारी ने यह भी कहा कि कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी 115 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, जो 7 मार्च से लागू हो चुकी है। इससे आम लोगों के साथ-साथ छोटे व्यापारियों पर भी सीधा असर पड़ेगा और महंगाई बढ़ने की आशंका है। उन्होंने आरोप लगाया कि डबल इंजन की भाजपा सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है और उसके पास न तो स्पष्ट नीति है और न ही जनता के हित में कोई ठोस नियत।

# जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी ने कराया रोज़ा इफ्तार, बड़ी संख्या में रोज़ेदारों ने की शिरकत



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर ईदगाह मैदान गोला गोकर्णनाथ में जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी की ओर से भव्य रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोज़ेदारों, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इफ्तार के समय सभी ने एक साथ रोज़ा खोला और देश में अमन-चैन, तरक्की तथा आपसी भाईचारे की दुआ मांगी। इफ्तार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद उत्कर्ष वर्मा मौजूद रहे। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल यादव, पूर्व विधायक विनय तिवारी, पूर्व महासचिव नरेश यादव, पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा, पलिया के पूर्व प्रत्याशी प्रीतिंदर सिंह कक्कू, संजीव कुमार मुन्ना, जिला पंचायत सदस्य कैसर आलमी, क्षेत्र पंचायत सदस्य इश्तियाक खान, गुड्डू, खुर्शीद खान, मौलाना जियाउल हक, मौलाना अहसान अली नूरी, मौलाना गफ्फार हादी, फूल सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में उलमा-ए-किराम और रोज़ेदार उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अतिथियों ने रमज़ान के पवित्र महीने की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महीना आपसी भाईचारे, प्रेम और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने सभी लोगों से समाज में सद्भाव और एकता बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने मुल्क में शांति, तरक्की और खुशहाली के लिए सामूहिक दुआ की

## पेट्रोल डालकर खोखे में लगाई आग, दो दिन बाद भी कार्रवाई नहीं

लखीमपुर खीरी। कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला सुभाष नगर में एक युवक के किराने के खोखे में पेट्रोल डालकर आग लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना को दो दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से पीड़ित परिवार में रोष और भय का माहौल बना हुआ है। आग लगने से खोखे में रखा पूरा किराना सामान जलकर राख हो गया, जिससे पीड़ित के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला सुभाष नगर निवासी अनुभव त्रिवेदी, पुत्र स्वर्गीय जयनारायण त्रिवेदी के खोखे पर 05 मार्च 2026 की सुबह लगभग 3 बजे मोहल्ले का ही रामगोपाल गिरी, पुत्र राकेश गिरी अपने कुछ साथियों के साथ पहुंचा। आरोप है कि उन्होंने खोखे में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और खोखे में रखा सारा किराने का सामान जलकर नष्ट हो गया।

# आबकारी निरीक्षक पर किसान से मारपीट और अवैध वसूली का आरोप, कार्रवाई की मांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अजान खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र में एक किसान के साथ आबकारी विभाग के कर्मचारियों द्वारा कथित मारपीट और अवैध वसूली का मामला सामने आने के बाद किसानों में रोष व्याप्त है। गरीब मजदूर किसान पार्टी ने मामले को गंभीर बताते हुए जिलाधिकारी से संबंधित आबकारी निरीक्षक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। गरीब मजदूर किसान पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण कुमार यादव द्वारा जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार घटना 1 मार्च की बताई जा रही है। मैसटा गांव निवासी किसान मदनपाल चीनी मिल में गन्ना डालकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से अपने घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में आबकारी विभाग के कर्मचारियों ने उनकी ट्रॉली को रोक लिया। ज्ञापन में कहा गया है कि आबकारी निरीक्षक अवनीश रावत के निर्देश पर कर्मचारियों ने किसान को जबरन अपनी गाड़ी में बैठा लिया और चीनी मिल परिसर स्थित आबकारी कार्यालय ले गए। वहां किसान के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई और उससे 12 हजार रुपये की अवैध वसूली की मांग की गई। आरोप है कि पीड़ित किसान ने किसी तरह 5 हजार रुपये की व्यवस्था कर अपनी जान छुड़ाई और वहां से निकल सका। घटना की जानकारी सामने आने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में चर्चा का विषय बन गई है। किसान समुदाय में इसे लेकर नाराजगी देखी जा रही है। किसानों का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं किसानों के साथ हो रहे उत्पीड़न को दर्शाती हैं।

गरीब मजदूर किसान पार्टी ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने पर आबकारी निरीक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण कुमार यादव ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा।

## कॉरिडोर निर्माण के लिए चिन्हित भूमि पर दी गई नोटिस अगले आदेश तक स्थगित

गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर में प्रस्तावित श्री गोकर्णनाथ कॉरिडोर निर्माण के अंतर्गत वीआईपी मार्ग के लिए तहसील प्रशासन द्वारा की गई पैमाइश और चिन्हांकन के आधार पर नगर पालिका परिषद द्वारा जारी की गई नोटिस को फिलहाल अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। नगर पालिका परिषद गोला के अधिशासी अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कॉरिडोर के वीआईपी मार्ग के लिए तहसील प्रशासन ने भूमि का चिन्हांकन किया था, जिसके बाद नगर पालिका द्वारा संबंधित गृह स्वामियों को नोटिस वितरित की गई थी। नोटिस मिलने के बाद कई गृह स्वामियों ने अपने स्वामित्व से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए आपत्तियां दर्ज कराई हैं। नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि आपत्ति दर्ज कराने वाले उपभोक्ताओं के पास भूमि से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध हैं, जिन्हें ध्यान में रखते हुए मामले की पुनः समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में फिलहाल वीआईपी मार्ग को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में जारी की गई नोटिस को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

# लखनऊ वासियों ने तीसरी बार प्रधानमंत्री को सामूहिक पत्र लिखा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। प्राचीनतम तीर्थ नैमिषारण्य को वैश्विक तीर्थ/पर्यटन केन्द्र मथुरा को आपस में रेल द्वारा जोड़े जाने का अभियान दिन-प्रतिदिन जोर पकड़ता जा रहा है। कल 22 दिसम्बर को लखनऊ के 510 नागरिको/श्रद्धालुओं ने सामूहिक हस्ताक्षर से भारत के मा प्रधानमंत्री एवं रेलमंत्री को पत्र भेजकर उनसे फरियाद की है कि यदि नैमिषारण्य से हरदोई होकर फर्रुखाबाद तक केवल 112 किमी नयी रेल लाइन, बिछा दी जाय तो न केवल नैमिषारण्य एवं मथुरा-वृन्दावन तीर्थ आपस में जुड़ जायेंगें बल्कि प्रदेश के पाँचों वैश्विक तीर्थ एवं पर्यटन केन्द्र रेल नेटवर्क से आपस में जुड़ जायेंगें तथा पूर्वोत्तर एवं पूर्वी भारत के राज्यों एवं उनमें विद्यमान तीर्थस्थलों को आवाजाही हेतु एक नया रेल गलियारा मिल जायेगा। नैमिषारण्य मथुरा रेल जोंड़ों अभियान समिति के महासचिव अजय पाल सिंह सोमवंशी ने बताया कि इससे पूर्व भी लखनऊ के 510 तथा अयोध्या के 417, हरदोई के 510 तथा मथुरा के 504, लखनऊ भाग-2 के 511, तथा आगरा के 610 एवं हाथरस के 105 नागरिको/ श्रद्धालुओं कुल 3677 नागरिको/ श्रद्धालुओं द्वारा प्रधानमंत्री, रेलमंत्री तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री को सामूहिक पत्र लिखा जा चुका है। विभिन्न नगरों में यह अभियान निरन्तर जारी है।

# किसान के बेटे ने बढ़ाया धौरहरा का मान UPSC में सफलता पाकर बने IPS

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



धौरहरा खीरी। धौरहरा थाना क्षेत्र के ग्राम भऊवापुर निवासी एक किसान के बेटे ने देश की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र और जिले का नाम रोशन कर दिया है। किसान जगदीश वर्मा के पुत्र सचिन वर्मा ने संघ लोक सेवा आयोग (ठष्ट्टए) की सिविल सेवा परीक्षा में 785वीं रैंक हासिल कर भारतीय पुलिस सेवा (ऋष्ट्ट) के लिए चयनित होकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनकी सफलता से गांव से लेकर पूरे जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। सचिन वर्मा का जन्म एक साधारण किसान परिवार में हुआ। उनके पिता जगदीश वर्मा खेतीबाड़ी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं, जबकि उनकी माता रमादेवी गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद सचिन ने मेहनत और लगन से पढ़ाई जारी रखी। उनकी प्रारंभिक शिक्षा लखीमपुर के एलपीएस स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त कर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू की। कई वर्षों की कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयासों के बाद इस बार उन्होंने सफलता हासिल की।

अपनी सफलता पर सचिन वर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि उनके माता-पिता और शिक्षकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा, ञ्ज्ग्रामीण परिवेश में रहते हुए भी मेरे माता-पिता ने हमेशा मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। किसान परिवार से होने के कारण मैं समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की सेवा करना चाहता हूं। ऋष्ट्ट अधिकारी बनकर देश की सेवा करना मेरा सपना था, जो अब साकार हुआ है। सचिन की सफलता की खबर मिलते ही भऊवापुर गांव में उत्सव जैसा माहौल बन गया। ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी जताई और उनके घर पहुंचकर परिवार को बधाई दी। धौरहरा तहसील के जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने भी सचिन की इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताया। जिले के अधिकारियों ने भी सचिन को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी। वर्तमान में यूपीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे कई युवा सचिन वर्मा को अपना आदर्श मान रहे हैं। सचिन की यह सफलता न केवल धौरहरा तहसील, बल्कि पूरे लखीमपुर खीरी जिले और ग्रामीण समाज के लिए गर्व का विषय बन गई है। यह उपलब्धि साबित करती है कि मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### धौरहरा सांसद खेल स्पर्धा के लिए 9 मार्च को ट्रायल

लखीमपुर खीरी। धौरहरा सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के खिलाड़ियों के चयन के लिए 9 मार्च को ट्रायल आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी सूरज कुमार सिंह ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कस्ता, महोली, मोहम्मदी, धौरहरा और हरगांव विधानसभा क्षेत्रों के पूर्व में विजेता खिलाड़ी जोन स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हेतु ट्रायल देंगे। ट्रायल के माध्यम से चयनित खिलाड़ी आगामी जोन प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। ट्रायल का आयोजन 9 मार्च सोमवार को सुबह 9 बजे खखरा मिनी स्टेडियम, मैगलगंज में किया जाएगा। इसमें संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के पात्र खिलाड़ी भाग ले सकते हैं अधिक जानकारी के लिए खिलाड़ी मोबाइल नंबर 6394744135 तथा 7860517654 पर संपर्क कर सकते हैं।

### चीनी मिल गोला की बंदी के नोटिस का किसान संगठन ने किया विरोध

गोला गोकर्णनाथ खीरी। बजाज चीनी मिल द्वारा जारी किए गए बंदी के प्रथम नोटिस का राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने कड़ा विरोध जताया है। संगठन ने इसे किसानों के हितों के खिलाफ बताते हुए मिल बंद करने की अनुमति न देने की मांग की है। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भुगतान की गति धीमी होने और होली के त्यौहार के चलते कई स्थानों से गन्ना मिल तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसके अलावा मजदूर भी होली की छुट्टी के बाद अभी पूरी तरह काम पर वापस नहीं लौटे हैं, जिससे मिल संचालन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि गोला चीनी मिल परिसर में दो मिलें हैं। यदि गन्ने की आवक कम है तो फिलहाल छोटी मिल चलाकर किसानों का गन्ना लिया जाए। अभी पूरे क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में गन्ना खेतों में खड़ा है, जिसे समय रहते पेराई के लिए लिया जाना चाहिए। अंजनी दीक्षित ने मांग की कि गन्ना विकास विभाग द्वारा खड़े गन्ने का दोबारा सर्वे कराया जाए और किसानों से सीधे संपर्क स्थापित किया जाए, ताकि गन्ने की आपूर्ति बढ़ाई जा सके। साथ ही उन्होंने शासन और प्रशासन से अपील की कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए चीनी मिल को बंद करने की अनुमति कदापि न दी जाए।

### मालगाड़ी की चपेट में आकर दिव्यांग की कटकर मौत

बांदा। श्वांस की दवा लेने आए दिव्यांग मालगाड़ी की चपेट में आ कर कट गया, उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। कानपुर जिले के शरदेपुर निवासी विजय कुमार (55) पुत्र घना प्रसाद शुक्रवार को शाम ट्रेन पर चढने के लिए प्लेटफार्म नंबर एक की दूसरी लाइन में खड़ा था। इसी बीच मालगाड़ी की चपेट में आकर उसकी कटकर मौत हो गई। जीआरपी ने शव को कब्जे में ले लिया। तलाशी के दौरान मृतक की जेब से निकले मोबाइल नबंर से काल करके पुलिस ने घरवालों को जानकारी दी। मृतक के भतीजे अंकित ने बताया कि वह एक हाथ से दिव्यांग था। ठेकेदार के साथ रह कर खुदाई में लगी जेसीबी की देखरेख करता था। वह श्वांस रोग से पीड़ित था। शुक्रवार को दवा लेने बांदा आया था। कानपुर मेमो से वह घर वापस लौट रहा था। मालगाड़ी की चपेट में आकर कट कर उसकी मौत हो गई।

### भाई को फोन पर बताने के बाद युवक ने की खुदकुशी

पैलानी। नशे में युवक ने छोटे भाई को फोन पर कहा कि वह फांसी लगाकर खुदकुशी करने जा रहा। कुछ देर बाद खेत पहुंचे घरवालों ने उसका शव फांसी के फंदे पर लटकता देखा। बताया गया है कि चिल्ला थाना क्षेत्र के पपरेंदा गांव निवासी दीपक उर्फ दीपू प्रजापति (18) पुत्र दिनेश प्रजापति शुक्रवार की रात नशे की हालत में घर आया। किसी बात को लेकर परिजनों से विवाद हो गया।

# इंसानियत शर्मसार: पति की मौत पर अपनों ने जड़ा घर में ताला, 48 घंटे बाद हुआ अंतिम संस्कार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अजान खीरी। नगर के मोहल्ला पूर्वी दीक्षिताना से एक बेहद हृदयविदारक और इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। बीमारी से मृत एक व्यक्ति के शव को उसके ही पैतृक घर में लाने से परिजनों ने इनकार कर दिया और घर पर ताला जड़कर मृतक की पत्नी व तीन मासूम बेटियों को बेसहारा छोड़ दिया। न्याय और सम्मान के लिए पत्नी को करीब 48 घंटे तक पति के शव के साथ संघर्ष करना पड़ा। बाद में स्थानीय लोगों,

जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के हस्तक्षेप से समझौता होने के बाद मृतक का अंतिम संस्कार कराया जा सका।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला पूर्वी दीक्षिताना निवासी रामू राजपूत (पुत्र भगत लाल) लंबे समय से बीमार चल रहे थे। गुरुवार रात उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए लखनऊ ले जा रहे थे। रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इसके बाद उनकी पत्नी सुनीता अपने पति के पार्थिव शरीर को लेकर अपनी तीन नाबालिग बेटियों मानसी, वैशाली और नैंसी के साथ पैतृक घर पहुंचीं, लेकिन वहां उन्हें भारी विरोध का सामना करना पड़ा। आरोप है कि मृतक के अन्य परिजनों ने शव को घर में रखने से साफ इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, घर पर ताला जड़कर मौके से चले गए। परिजनों के इस व्यवहार से आहत पत्नी और उसकी बेटियां सड़क पर ही बेसहारा हो गईं। लाचार सुनीता अपने पति के शव को खुटार रोड स्थित किराए के कमरे में ले गईं और प्रशासन से न्याय की गुहार लगाने लगीं। उन्होंने साफ कहा कि जब तक उन्हें और उनकी बेटियों को पुश्तैनी मकान में उनका अधिकार नहीं मिलेगा, तब तक वे अपने पति का अंतिम संस्कार नहीं करेंगी। उनका यह संकल्प करीब 48 घंटे तक जारी रहा। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह को तहरीर दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और विवाद स्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया। बताया जाता है कि मृतक रामू राजपूत कुल छह भाइयों में से एक थे, जिनमें अब केवल दो भाई टुनटुन और श्यामू जीवित हैं। पारिवारिक संपत्ति को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था, जो रामू की मौत के बाद खुलकर सामने आ गया। शनिवार को स्थानीय समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया। इस दौरान संपत्ति, मकान और दुकान से जुड़े अधिकारों को लेकर लिखित सहमति बनाई गई और सुनीता व उनकी बेटियों के अधिकार सुरक्षित रखने का आश्वासन दिया गया इसके बाद ही पत्नी सुनीता अंतिम संस्कार के लिए राजी हुईं। करीब 48 घंटे के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार रामू राजपूत का अंतिम संस्कार पूरे सम्मान के साथ संपन्न कराया जा सका।

# कार्यकर्ताओं से पीडीए को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर बिसंडा ब्लाक के सिकलोढ़ी गांव में आयोजित पीडीए जनपंचायत में पार्टी नेताओं ने मौजूदा सरकार पर कई आरोप लगाए। कार्यकर्ताओं से पीडीए को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जन पंचायत के दौरान समाजवादियों ने संविधान बचाने का संकल्प लिया। सपा महिला सभा राष्ट्रीय सचिव नीलम गुप्ता की अगुवाई में शनिवार को बिसंडा ब्लाक क्षेत्र के सिकलोढ़ी गांव में पीडीए जन पंचायत आयोजित हुई। सांसद कृष्णा देवी पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। उन्होंने बाबा साहब के संविधान की रक्षा के लिए अखिलेश यादव की पीडीए मुहिम से जुड़ने का आग्रह किया। साथ ही 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी सरकार बनाने का लक्ष्य रखा। महिला सभा राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि वर्तमान परिस्थितयों को दृष्टिगत रखते हुए आम जनमानस को आगे बढ़ने की जरूरत है। देश की सत्ता अमेरिका के हाथों में हैं, वहां से जो हुक्त आता है उसी का पालन भारत को करना पड़ रहा है। ईरान जैसा भारत का मित्र जिसने मित्रता का फर्ज भी निभाया। आज बेबस निगाहों से भारत की ओर देख रहा है। उन्होंने सरकार पर पूंजीपतियों के हित में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी वर्गों को समान अधिकार दिला सकती है। पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल ने कहा कि पीडीए के माध्यम से शोषित समाज को उनका अधिकार दिलाने को विधान सभा चुनाव में पूरी ताकत लगाई जाएगी।

# इतिहास रचने के लिए न्यूजीलैंड की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा भारत को

एजेंसी

अहमदाबाद। बेहद प्रतिभाशाली और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के फाइनल में इतिहास रचने की उम्मीदों का बोझ होगा, भले ही सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम का पलड़ा भारी माना जा रहा है। दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियमों में से एक नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में भारत को 19 नवंबर 2023 को बड़ा झटका लगा था जब वह ऑस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप का फाइनल हार गया था। तब भारत ने भावुक नम आंखों वाले रोहित शर्मा को ड्रेसिंग रूम की सीढ़ियों पर चढ़ते हुए देखा था। केवल भारतीय टीम ही नहीं बल्कि स्टेडियम में मौजूद 93000 दर्शक भी सन्न रह गए थे। भारत ने हालांकि 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 विश्व कप जीतकर इसकी काफी हद तक भरपाई कर दी




थी। अब खेल के सबसे छोटे प्रारूप की भारतीय टीम सूर्यकुमार की कप्तानी में खिताब का बचाव करने और इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को तीन बार जीतने वाली पहली टीम बनने की कोशिश करेगी। एक कुशल बल्लेबाज और चतुर कप्तान सूर्यकुमार न केवल कप्तान के रूप में अपनी खुद की विरासत बनाने के लिए उत्सुक होंगे, बल्कि वह 19 नवंबर 2023 की पीड़ा को भी खत्म करना चाहेंगे। सूर्यकुमार और उनके साथी ठीक 364 दिन पहले नौ मार्च, 2025 को भारत की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड की लगभग इसी टीम के खिलाफ मिली जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। भले ही वह टूर्नामेंट 50 ओवर का था। सूर्यकुमार उस टीम का हिस्सा नहीं थे, लेकिन दुबई में मिली उस एकतरफा जीत से उन्हें हौसला मिल सकता है। फाइनल जीतने के लिए साहस के अलावा किस्मत का साथ भी जरूरी होता है। खेल एकदम 'परफ़ेक्ट' होना जरूरी नहीं है, लेकिन सही समय पर सही चीजें होनी चाहिए। मौजूदा

टीम इस प्रकार हैः भारतः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, रिंकू सिंह, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर।

न्यूजीलैंडः मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट, रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन, ग्लेन फिलिप्स, डैरिल मिचेल, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, कोल मैककॉन्ची, काइल जैमीसन, जैकब डफी, डेवोन कॉनवे, जिमी नीशम, इश सोढ़ी।

टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भारत की जीत तब लगभग तय हो गई थी जब हैरी ब्रूक ने संजू सैमसन का कैच छोड़ दिया था। भारत रविवार को न्यूजीलैंड की ऐसी किसी भी गलती का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। भारत को अब तक इस टूर्नामेंट में किस्मत का साथ मिला है। अगर वह खिताब जीत जाता है तो उन्हें सराहना मिलेगी लेकिन अगर वह हार जाते हैं तो फिर बहुत बड़ा बवाल मच सकता है। सूर्यकुमार ने पिछले दो वर्षों में टीम का बहुत अच्छी तरह से नेतृत्व किया है, भले ही एक बल्लेबाज के रूप में वह उम्मीदों पर पूरी तरह खरा नहीं उतर पाए। रविवार का दिन उनके करियर के लिए निर्णायक क्षण होगा। अगर उनकी टीम खुशगवार मौसम में अच्छा प्रदर्शन करती है तो उनकी सारी नाकामियां पल भर में भुला दी जाएंगी। लेकिन भारत के लिए न्यूजीलैंड की चुनौती आसान नहीं होगी क्योंकि किसी भी दिन फिन एलन, लॉकी फर्ग्यूसन या मैट हेनरी जैसे खिलाड़ी अपनी क्षमता से कहीं बेहतर प्रदर्शन करना जानते हैं। मिचेल सैंटनर या ग्लेन फिलिप्स जैसे खिलाड़ी जानते हैं कि एक मजबूत टीम के खिलाफ किस तरह से चुनौती का सामना करना होता है।

# लक्ष्य ने शिफेंग को हराकर ऑल इंग्लैंड के सेमीफाइनल में प्रवेश किया

एजेंसी

बर्मिंघम। भारत के लक्ष्य सेन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चीन के पूर्व चैंपियन ली शिफेंग को सीधे गेम में हराकर 1,450,000 डॉलर इनामी ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व के 12वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी सेन ने चीन के विश्व में छठे नंबर के खिलाड़ी शिफेंग को ठीक एक घंटे में 21-13, 21-16 से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला कनाडा के विक्टर लाई से होगा, जिन्होंने एक अन्य क्वार्टरफाइनल मैच में जापान के कोकी वातानाबे को 18-21, 21-17, 21-15 से पराजित किया। यह इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में लक्ष्य का तीसरा सेमीफाइनल है। वह 2022 में यहां उपविजेता रहे थे। लक्ष्य ने मैच के बाद कहा, ''मैं दोनों गेम में अपने प्रदर्शन से खुश हूं। शिफेंग को भी श्रेय जाता है, उन्होंने वाकई शानदार खेल दिखाया। कुछ लंबी रैलियां चली, हम दोनों थक रहे थे, लेकिन लंबी रैलियों के बाद भी जिस तरह से मैं डटा रहा, उससे मैं खुश हूं। उन्होंने कहा, ''मेरे कोच भी यही कह रहे थे कि लंबी रैलियों के बाद अतिरिक्त तैयारी रखो क्योंकि वह भी थक जाता है, इसलिए गलती करने से बचो। लक्ष्य ने पहले गेम में आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की और जल्द ही 4-1 की बढ़त हासिल कर ली। उन्होंने आक्रामक और सकारात्मक खेल दिखाते हुए अपनी बढ़त 10-4 तक पहुंचा दी। इंटरवल तक वह 11-6 से आगे थे। इसके बाद हालांकि लक्ष्य को शिफेंग के शक्तिशाली ओवरहेड क्रॉसकोर्ट स्मैश को समझने में थोड़ी देर के लिए संघर्ष करना पड़ा, फिर भी उन्होंने अपना नियंत्रण बनाए रखा और 15-11 से आगे निकल गए। शिफेंग ने अंतर को 13-15 तक कम कर दिया, लेकिन लक्ष्य ने फिर से लय हासिल कर ली और एक नेट कॉर्ड की मदद से 18-13 से आगे हो गए। उन्होंने इसके बाद 24 मिनट में पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में चीनी खिलाड़ी ने लक्ष्य के हर अंक का मुकाबला किया, जिससे स्कोर 6-6 हो गया। लक्ष्य ने इसके बाद दो अंकों की बढ़त हासिल कर ली, लेकिन शिफेंग ने एक शानदार क्रॉसकोर्ट स्मैश जमाया और भारतीय खिलाड़ी की बैकलाइन की गलती का फायदा उठाकर स्कोर 9-9 से बराबर कर दिया। लक्ष्य ने हालांकि इंटरवल तक एक अंक की मामूली बढ़त हासिल कर ली थी। दोनों खिलाड़ियों के बीच इसके बाद कड़ा मुकाबला देखने को मिला। शिफेंग ने एक करारे स्मैश से स्कोर को 12-13 कर दिया। लक्ष्य ने हालांकि एक बेहतरीन डिफेंसिव बैकहैंड रिटर्न की मदद से अपनी बढ़त 17-13 कर दी।

## संक्षिप्त समाचार

### अगरकर के तीन सालः आंकड़ों से परे जाकर कड़े फैसले लेने में माहिर

**अहमदाबाद।** अजीत अगरकर ने जब भारत की सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष का पदभार संभाला, तो परिस्थितियां काफी भिन्न थीं। अगरकर को चेतन शर्मा की जगह पर यह पद सौंपा गया था। शर्मा को एक टीवी चैनल के स्टिंग ऑपरेशन में आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए पाया गया था जिसके बाद उन्हें पद से हटा दिया गया था। अगरकर के तीन साल के कार्यकाल में काफी कठिन और साहसिक फैसले किए गए जिनके अनुकूल परिणाम निकले। चयनकर्ता विकेटकीपर की तरह होता है। अच्छे कैच पर भले ही हल्की-फुल्की तालियां बजें, लेकिन अचानक गेंद छूट जाने पर तीखी आलोचना होगी। अगरकर के सफर में भी इस खास तरह की समरूपता है। जब 2020-21 में चयन समिति के अध्यक्ष का पद खाली हुआ था, तब अगरकर के आवेदक होने के बावजूद चेतन शर्मा ने उन्हें पीछे छोड़ दिया था। आखिर में उन्हें 2023 में यह पद मिल गया और इसके बाद अपने फैसलों के कारण वह सुर्खियों में रहे। भारत की चयन समितियों के व्यापक इतिहास में विशेष रूप से दिलीप वेंगसरकर और कृष्णमाचारी श्रीकांत के प्रभावशाली कार्यकाल के बाद अगरकर निस्संदेह सबसे चर्चित अध्यक्षों में से एक रहे हैं। पिछले तीन वर्षों में भारतीय टीम ने आईसीसी के चार टूर्नामेंट (2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप, 2025 चैंपियंस ट्रॉफी, 2026 टी20 विश्व कप) के फाइनल में जगह बनाई है। अगर भारत फाइनल में न्यूजीलैंड को हरा देता है तो यह उसकी पिछले तीन साल में तीसरी जीत होगी। टीम की जीत पर खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को सराहना मिलती है लेकिन वैश्विक टूर्नामेंटों के लिए टीमों को आकार देने में चयनकर्ताओं की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। अगरकर के कार्यकाल में ऐसे कई फैसले लिए गए जिनमें आलोचनाओं का सामना कर सकने वाले दृढ़ विश्वास की जरूरत थी। हार्दिक पंड्या की जगह पर सूर्यकुमार यादव को टी20 टीम का कप्तान नियुक्त करना एक ऐसा ही फैसला था। वनडे कप्तान के पद से बेहद सफल और पसंदीदा रोहित शर्मा को हटाने का निर्णय कहीं अधिक संवेदनशील था। इन दोनों मामलों में अगरकर ने चुप्पी साधने की कोशिश नहीं की। उन्होंने इसका डटकर सामना किया और मुश्किल फैसलों के लिए होने वाली आलोचनाओं को भी स्वीकार किया। अगर सिर्फ आंकड़े ही मापदंड होते तो हर क्रिकेट प्रेमी अपनी पसंद की टीम चुन सकता था। लेकिन चयन इतना आसान नहीं होता। इसमें खिलाड़ियों की पहचान करने, उनकी भूमिकाओं को समझने और यह कल्पना करने की क्षमता की जरूरत होती है कि कोई खिलाड़ी किसी रणनीतिक ढांचे में कैसे फिट बैठता है। अगरकर की अगुवाई में उनकी टीम ने यह काम बखूबी किया है। उनकी टीम में एस शरथ (अब उनकी जगह प्रज्ञान ओझा हैं), सुब्रतो बनर्जी (अब उनकी जगह आरपी सिंह हैं), एसएस दास और अजय रात्रा शामिल रहे हैं।

### रूसी ध्वज की वापसी, ईरान युद्ध और बहिष्कार के बीच शीतकालीन पैरालंपिक खेल शुरू

**वेरोना (इटली)।** मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के तनाव के बीच मिलान कोर्टिना शीतकालीन पैरालिंपिक खेल शुक्रवार को शुरू हो गए गया जिसमें कुछ देशों ने वैश्विक खेल मंच पर रूसी ध्वज की वापसी के कारण उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया। उद्घाटन समारोह में इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले राष्ट्रों की परेड में रूस के ध्वज की वापसी हुई। यह सोची में 2014 के शीतकालीन खेलों के बाद पहला अवसर है जबकि पैरालंपिक खेलों में रूस का ध्वज फहराया गया। इससे लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों से पहले रूस की ओलंपिक जगत में पूर्ण वापसी की संभावना बढ़ गई है। परेड के दौरान रूस के खिलाड़ी मंच पर आए तो कुछ दर्शकों ने उनकी हूटिंग की। चमकीले लाल रंग की पोशाक पहने चार खिलाड़ियों ने रूस का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने एरिना डि वेरोना में परेड करते हुए दर्शकों का अभिवादन किया। रूस के 2022 में यूक्रेन पर हुए आक्रमण के बाद पहली बार किसी बड़ी वैश्विक खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर उसका राष्ट्रगान बजाया जा सकता है। रूस के खिलाड़ियों पर शुरू में सरकार प्रायोजित डोपिंग कार्यक्रम के कारण प्रतिबंध लगाया गया था जो आक्रमण के बाद भी जारी रहे। यूक्रेन के नाम की घोषणा होने पर तालियां बजीं, लेकिन समारोह का बहिष्कार करने के कारण उसके किसी भी खिलाड़ी ने परेड में हिस्सा नहीं लिया। अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के अनुसार छह अन्य देशों ने राजनीतिक कारणों से समारोह में भाग न लेने की योजना बनाई थी। इनमें चेक गणराज्य, एस्टोनिया, फिनलैंड, लातविया, पोलैंड और लिथुआनिया शामिल हैं। रूस के करीबी सहयोगी बेलारूस के ध्वज की भी वापसी हुई है जिसके दो खिलाड़ियों ने खचाखच भरे एरेना डि वेरोना में परेड में भाग लिया।

### वेदांता का लक्ष्य सभी स्तरों पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर 35 प्रतिशत करना

**नयी दिल्ली।** वेदांता समूह ने अपने संगठन के सभी स्तरों पर महिलाओं की भागीदारी को मौजूदा 23 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी ने एक बयान में 'हैशटैग हरएटदकोर' नामक राष्ट्रव्यापी अभियान और लिंक्डइन आधारित भर्ती अभियान शुरू करने की भी घोषणा की। इसके माध्यम से महिलाओं को खनन, धातु, तेल एवं गैस, बिजली और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए आमंत्रित किया गया है। वेदांता लिमिटेड की गैर-कार्यकारी निदेशक और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा, भारत की विकास संबंधी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए देश के प्रतिभावान कार्यबल की पूर्ण भागीदारी की आवश्यकता है। वेदांता में आज महिलाएं हमारे कार्यबल का 23 प्रतिशत हैं, लेकिन यह केवल शुरुआत है। हमारा लक्ष्य इसे बढ़ाकर 35 प्रतिशत और अंततः 50 प्रतिशत करने का है। उन्होंने कहा, ल्हम न केवल प्रतिनिधित्व बढ़ा रहे हैं, बल्कि प्रणालियों को नया रूप दे रहे हैं, उन्नत प्रौद्योगिकीयां तैनात कर रहे हैं और ऐसे सहायता ढांचे तैयार कर रहे हैं।

### वरुण को 'बहुत फुल लेंथ या बहुत शॉर्ट लेंथ' गेंद करने की कीमत चुकानी पड़ी हैः चावला

नयी दिल्ली, सात मार्च (भाषा) पूर्व भारतीय स्पिनर पीयूष चावला का मानना है कि रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टी20 विश्व कप के पिछले दो मैचों में 'बहुत फुल लेंथ या बहुत शॉर्ट लेंथ' गेंद करने की कीमत चुकानी पड़ी है। पिछले दो मैच में चक्रवर्ती का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 40 रन देकर एक विकेट जबकि इंग्लैंड के खिलाफ 64 रन देकर एक विकेट लिया। यह देखना बाकी है कि भारत रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले फाइनल में चक्रवर्ती को टीम में बनाए रखता है या उनकी जगह कुलदीप यादव को लेता है। चावला ने जिओ स्टार से कहा, ''मुझे लगता है कि कभी-कभी जब आप हताश हो जाते हैं या जब आप बहुत सारे प्रयोग करने की कोशिश करते हैं। आप आखिर में बहुत फुल लेंथ की गेंदें फेंकने लगते हैं और वरुण के साथ भी ठीक यही हो रहा है। उन्होंने कहा,''उनका मजबूत पक्ष उस मुश्किल लेंथ पर गेंदबाजी करना है जो किसी स्पिनर के लिए अनुकूल होती है। उन्हें उस लेंथ पर गेंदबाजी नहीं

# महिला हॉकी विश्व कप में जगह बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा भारत को

एजेंसी

हैदराबाद। अनुभवी कोच शोर्ड मारिन के टीम से जुड़ने के बाद उत्साह से भरी भारतीय टीम एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में जगह बनाने के लक्ष्य के साथ क्वालीफायर में उरुग्वे के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में जीत दर्ज करके अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत करने की कोशिश करेगी। इस टूर्नामेंट में आठ टीमें मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया विश्व कप के तीन स्थानों के लिए अपनी चुनौती पेश करेंगे।

इस टूर्नामेंट में विश्व कप के तीन स्थान दांव पर लगे होने का मतलब है कि पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम बेल्जियम और नीदरलैंड में 14 से 30 अगस्त तक



होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। इसी दौरान इन दोनों देशों में पुरुष विश्व कप भी खेला जाएगा। यह मारिन की मुख्य कोच के रूप में पहली जिम्मेदारी होगी। नीदरलैंड के इस कोच 2021 के तोक्यो ओलंपिक में भारतीय टीम के ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रहने के बाद पद छोड़ दिया था और अब वह वापसी कर रहे हैं। भारत इस समय विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर है और टूर्नामेंट में सातवें नंबर की टीम इंग्लैंड के बाद दूसरी सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम है। भारत की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, ''हम अपने प्रशंसकों के सामने घरेलू मैदान पर क्वालीफायर खेलने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। टीम ने इस टूर्नामेंट के लिए कड़ी तैयारी की है क्योंकि हम जानते हैं कि दांव पर क्या लगा है। यहां हर टीम विश्व कप में जगह बनाने के लिए खेल रही है, इसलिए हम शुरुआत से ही कड़े मुकाबलों की उम्मीद कर रहे हैं। विश्व रैंकिंग के हिसाब से देखें तो भारत उरुग्वे के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार है। इसके बाद भारतीय टीम नौ मार्च को स्कॉटलैंड और 11 मार्च को वेल्स से भिड़ेगी। इसी बीच दिन के अन्य मैचों में इंग्लैंड का मुकाबला इटली से, कोरिया का ऑस्ट्रिया से और स्कॉटलैंड का वेल्स से होगा। क्वालीफायर में टीमों को दो पूल में विभाजित किया गया है, जिसमें इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स पूल बी में हैं।

### रोनाल्डो की चोट गंभीर, पुर्तगाल की तरफ से खेलना संदिग्ध

रियाद। अल-नासर के कोच जॉर्ज जीसस ने कहा कि क्रिस्टियानो रोनाल्डो की हैमस्ट्रिंग की चोट जितना अनुमान लगाया जा रहा था उससे अधिक गंभीर है। इस चोट के कारण 41 वर्षीय रोनाल्डो का पुर्तगाल की तरफ से आगामी मैत्री मैचों में खेलना भी संदिग्ध है। यह स्टार फुटबॉलर पिछले सप्ताहांत अल-नासर की सऊदी प्रो लीग में अल-फायहा पर 3-1 से मिली जीत के दौरान लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चला गया था। जीसस ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा, ''पिछले मैच में क्रिस्टियानो को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। अब जांच से यह स्पष्ट हो गया है कि हमने जितना अनुमान लगाया था उनकी चोट उससे अधिक गंभीर है। उन्होंने कहा, ''उन्हें आराम करने और उचित उपचार करने की जरूरत है। क्रिस्टियानो इलाज के लिए स्पेन जाएंगे। उन्हें अपने निजी फिजियोथेरेपिस्ट से इलाज करवाना होगा। हमें उम्मीद है कि वह जल्द ही टीम में वापसी करेंगे।

# अबूधाबी के बजाय दक्षिण अफ्रीका में अभ्यास करेगी इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम

एजेंसी

लंदन। इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के कारण सुरक्षा चिंताओं के चलते आगामी श्रृंखलाओं की तैयारी के लिए अबूधाबी के बजाय दक्षिण अफ्रीका में अभ्यास शिविर में भाग लेगी। इंग्लैंड की 30 सदस्यीय टीम प्रिटोरिया में अभ्यास शिविर में हिस्सा लेगी जहां वह 10 से 27 मार्च के बीच आपस में ही पांच मैच खेलेगी। इसके लिए 15-15 खिलाड़ियों की दो टीम तैयार की गई हैं। टीमों के नाम इंग्लैंड की दो महान खिलाड़ियों जेन ब्रिटिन और राचेल हेहो फ्लिंट के नाम पर रखे गये हैं। यह दोनों घरेलू धरती पर विश्व कप जीतने वाली टीमों की सदस्य थीं। इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट टीम ब्रिटिन की कप्तानी करेंगी, जिसके कोच डरहम के पूर्व बल्लेबाज और इंग्लैंड की महिला टीम के सहायक कोच जॉन



लुईस होंगे। उपकप्तान चार्ली डीन टीम हेहो फ्लिंट की कप्तानी करेंगी। यह टीम सहायक कोच ल्यूक विलियम्स टीम के मार्गदर्शन में खेलेगी। मुख्य कोच शार्लोट एडवर्ड्स शिविर के दौरान दोनों टीमों पर निगरानी रखेंगी। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा है कि आगामी टी20 विश्व कप को देखते हुए उन्हें इस श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी दावेदारी मजबूत करनी होगी। एडवर्ड्स ने विज्ञप्ति में कहा, ''शिविर में शामिल प्रत्येक खिलाड़ी के लिए यह बड़ा अवसर है कि वे अपनी काबिलियत साबित करके यह दिखाएं कि वे हमारी विश्व कप योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यह इस साल दक्षिण अफ्रीका में इंग्लैंड का दूसरा अभ्यास शिविर होगा। इंग्लैंड 12 जून से पांच जुलाई तक होने वाले टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला खेलेगा। इसके बाद भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में एक महिला टेस्ट मैच भी खेला जाएगा। हेहो फ्लिंट टीमः एम अर्लाट, टैमी ब्यूमोंट, टिली कोर्टीन-कोलमैन, चार्ली डीन (कप्तान), सोफी एक्लेस्टोन, महिका गौर, डैनी गिब्सन, जोडी ग्रूकोक, एमी जोन्स, हीदर नाइट, एम्मा लैम्ब, ग्रेस पॉट्स, ग्रेस स्क्रिवेंस, एलेक्सा स्टोनहाउस, डैनी वायट-हॉज। टीम ब्रिटिनः लॉरेन बेल, माइया बूचियर, एलिस कैप्सी, सोफिया डंकले, लॉरेन फिलर, फ्रेया केम्प, चारिस पावेली, डेविना पेरिन, पेज स्कोलफील्ड, नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), लिन्से स्मिथ, रियाना साउथबी, एली थ्रेलकेल्ड, मैडी विलियर्स, इस्सी वोंग।

### आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर का टोल राजस्व फरवरी में 22 प्रतिशत बढ़कर 746 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ने शनिवार को बताया कि फरवरी 2026 में उसका टोल राजस्व सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 746 करोड़ रुपये रहा। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक फरवरी 2025 में कंपनी का टोल राजस्व 614 करोड़ रुपये था। इस राजस्व में आईआरबी इनविट फंड और आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट की कमाई शामिल है। उत्तर प्रदेश में हाल ही में शामिल किए गए आईआरबी हरिहरा टोलवेज ने फरवरी 2026 में टोल राजस्व में 52.8 करोड़ रुपये का योगदान दिया। आईआरबी इंफ्रा के डिप्टी सीईओ अमिताभ मुरारका ने कहा, ङ्कहमारी संपत्तियों में यातायात की मजबूत वृद्धि और नए शामिल किए गए हरिहरा कॉरिडोर से मिलने वाला योगदान उत्साहजनक है। टोल संग्रह की वृद्धि पिछले महीने के 15 प्रतिशत से बढ़कर अब 22 प्रतिशत हो गई है। हमें उम्मीद है कि आने वाले महीनों में भी यह तेजी जारी रहेगी।

# फिट इंडिया का तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महिला कार्निवल शुरू

एजेंसी

नयी दिल्ली। फिट इंडिया मूवमेंट ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शनिवार से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्निवल शुरू किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च को मनाया जाता है। इस कार्यक्रम की थीम 'मजबूत महिलाएं, मजबूत राष्ट्र' है। इसमें सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और दिल्ली पुलिस जैसे भारत के सशस्त्र बलों और सुरक्षा सेवाओं से जुड़ी 500 से अधिक महिलाएं भाग ले रही हैं। इसमें फिटनेस गतिविधियों और खेलों के माध्यम से महिलाओं की ताकत, लचीलेपन और नेतृत्वक्षमता को उजागर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत में कई प्रख्यात हस्तियों ने भाग लिया और फिटनेस, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। इनमें पैरालंपिक पदक विजेता और अर्जुन पुरस्कार पाने वाली प्रीति पाल, प्रसिद्ध पोषण विशेषज्ञ निधि निगम और तन्वी तुतलानी, उद्यमी युक्ति आर्य, ध्यान विशेषज्ञ निवेदिता श्रेयंस, योग विशेषज्ञ दिव्या आहूजा और पंखुड़ी श्रीवास्तव, फिजियोथेरेपिस्ट गरिमा बिस्वास और फिट इंडिया चैंपियन टिम्सी बेक्टर शामिल थीं। प्रीति पाल ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''जब मैंने खेल में अपने करियर की शुरुआत की, तो कई लोगों ने कहा कि मैं कुछ भी हासिल नहीं कर पाऊंगी। मैंने उन आलोचनाओं को प्रेरणा में बदल दिया। उन्होंने कहा, ''मैंने ठान लिया था कि अगर वह मानते हैं कि मैं कुछ नहीं कर सकती तो मैं साबित कर दूंगी कि मैं बहुत कुछ कर सकती हूं। हमेशा याद रखें कि हम महिलाएं हैं और हम कुछ भी हासिल कर सकती हैं, कभी किसी को यह न कहने दें कि आप अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकतीं।

# अमेरिका ने भारत को समुद्र में फंसा तेल लेने बाज़ार में जल्द उतारने की अनुमति दीः राइट

वाशिंगटन। अमेरिकी प्रशासन ने कहा कि वह अपने मित्र देश भारत को दक्षिण एशिया के समुद्री क्षेत्रों में जहाजों पर मौजूद रूसी तेल को खरीदने, उसका शोधन करने और बाजार में जल्द से जल्द उतारने की अनुमति दे रहा है। ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी दी कि तेल की कीमतों को कम रखने के लिए यह अल्पकालिक उपाय किया गया है। ऊर्जा मंत्री ने कहा, ''हमने ऐसे छोटे अवधि के कदम उठाए हैं ताकि तेल की कीमतें कम बनी रहें। हम भारत को समुद्र में पहले से मौजूद तेल लेने, उसका शोधन करने और बाज़ार में जल्दी बेचने की अनुमति दे रहे हैं। यह आपूर्ति बनाए रखने और दबाव कम करने का व्यावहारिक तरीका है। एबीसी न्यूज लाइव को दिए साक्षात्कार में राइट ने बताया कि लंबी अवधि के लिए तेल की आपूर्ति पर्याप्त है और इसमें कोई चिंता नहीं है। लेकिन अल्पकालिक रूप से तेल को बाज़ार में लाना जरूरी है। उन्होंने कहा, ल्ल होर्मुज जलडमरूमध्य से आने वाली आपूर्ति में थोड़ी बाधा के कारण तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। दक्षिण एशिया के आसपास बहुत सारा रूस का तेल समुद्र में फंसा हुआ है, खासकर चीन के पास। चीन अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करता, इसलिए कई बैरल बस वहीं रुके हैं।

# भारत को हुए तेल निर्यात का आंकड़ा सार्वजनिक नहीं करेंगेः रूस

एजेंसी

मॉस्को। रूस ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत को किए जाने वाले कच्चे तेल निर्यात के आंकड़े सार्वजनिक नहीं करेगा और इसे 'बहुत से बुरा चाहने वालों' से छिपाकर रखेगा। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने यह टिप्पणी अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के उस बयान के बाद की जिसमें पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने के लिए 30 दिनों की अस्थायी छूट देने की बात कही गई है। पेसकोव ने भारत को दिए गए



तेल के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''नहीं, हम साफ वजहों से मात्रा का कोई आंकड़ा नहीं देने जा रहे हैं। यह पहली बात है। बुरा चाहने वाले बहुत लोग हैं। उनसे भारत की मीडिया रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया मांगी गई थी, जिनमें कहा गया था कि रूस एक सप्ताह में भारत को 2.2 करोड़ बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति करने में सक्षम है। इससे पहले रूस के सरकारी टेलीविजन ने बृहस्पतिवार को एक मानचित्र जारी किया था, जिसमें अरब सागर से बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ते कई टैंकर दिखाए गए थे। ये टैंकर कथित तौर पर भारत के पूर्वी तट पर स्थित रिफाइनरी की ओर जा रहे थे। रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने कहा कि उनका देश भारत और चीन को कच्चे तेल की आपूर्ति बढ़ाने के लिए तैयार है, क्योंकि अमेरिका-इजराइल हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल परिवहन लगभग बाधित हो गया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# एनएसएस को अपने कर्तव्य के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए: डॉ. रंजना

■ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वाभिमान से जीना सिखाना: डॉ. शैलेश यादव



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के निर्मला देशपांडे सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर स्त्री सशक्तीकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. रंजना केमिस्ट्री डिपार्टमेंट एस.एस. खन्ना डिग्री कॉलेज ने अपने वक्तव्य के दौरान वुमन कैटलाइजिंग और विकसित भारत के स्वरूप पर बात करते हुए कहा कि एन.एस.एस. को सिर्फ एक प्रमाण पत्र की तरह नहीं देखना चाहिए और हमें अपने कर्तव्य के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज अंग्रेजी विभाग की डॉ. रश्मि जैन ने कहा कि वीमन इम्पावरमेंट में एजुकेशन बहुत महत्वपूर्ण है। दार्शनिकों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पितृसत्तात्मक सत्ता का रूल है कि वह वीमन को सप्रेस करना चाहते हैं। उन्होंने स्त्रियों के एजुकेशन, इकोनॉमिक इंडिपेंडेंस की महत्ता पर बात की। कहा कि जब एक स्त्री पढ़ती है तो पूरा समाज पढ़ता है। यह आपको अपना निर्णय लेने में सहायता करता है। आप किसी के ऊपर आश्रित नहीं रहते हो।

चैलेंजिंग स्टीरियो टाइप के बारे में बात करते हुए उन्होंने महिलाओं की वर्तमान स्थिति जैसे घर संभालना और खाना बनाना जैसी स्थिति पर बात किया, साथ ही उनकी बदलती अवधारणा पर ध्यान खींचा। डॉ. शैलेश यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वाभिमान से जीना सिखाना है। यही हमारा उनके प्रति सच्चा सम्मान है। महिलाओं को कंधे से कंधा मिलाकर चलने दें, यही उनके प्रति असली सम्मान की भावना होगी। भारतीय संविधान की विस्तृत अवधारणा का ज़िक्र करते हुए उन्होंने समता, समानता और बंधुत्व की बात की। एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. अरविंद मिश्र ने महिलाओं के स्वावलम्बन का ज़िक्र किया तथा दुनिया भर में हो रहे उनके आयोजनों पर चर्चा की। सिमोन द बोउआ का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ''स्त्रियां पैदा नहीं होती, बनायी जाती हैं।'' उन्होंने कहा कि यह अवसर अब तक के भेदभाव को मिटाने और उसे ख़त्म करने का है। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य का भी उन्होंने जिक्र किया और उसकी सार्थकता को वर्तमान से जोड़ा।

## घर में घुसे चोर बटोर ले गए जेवरात-नकदी समेत 10 लाख का माल

उरई। उत्तर प्रदेश के उरई में कालपी थाना में क्षेत्र बीती रात शुक्रवार/शनिवार को एक घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए नकदी-जेवरत समेत करीब 10 लाख का माल बतौर ले गए। सुबह गृहस्वामी को चोरी की जानकारी हुई और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस घटना की जांच करते हुए चोरों को तलाश शुरू कर दी है। कालपी नगर क्षेत्र के मोहल्ला हरिगंज स्थित काली देवी चौराहे के पास बलवान सिंह यादव के साथ परिवार के साथ रहते हैं। बीती रात पूरा परिवार सो रहा था। इस बीच शातिराना तरीका अपनाते हुए घर में घुसे चोरों ने कमरों में सो रहे लोगों के दरवाजे की कुंडियां बाहर से बंद कर दीं। इसके बाद शातिर बदमाशों ने अलमारियों और बक्सों के ताले तोड़कर कीमती जेवरात और नकदी बटोर ली। आज (शनिवार)सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो कमरों की कुंडियां बाहर से बंद देख हैरान रह गए। किसी तरह कुंडियां खोलकर जब वे बाहर निकले और सामान देखा तो जेवरात समेत कीमती सामान गायब थे और बिखरा पड़ा था। चोरी की जानकारी पर गृहस्वामी ने घटना की सूचना तुरंत डायल 112 को दी गई। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस को पूछताछ में पीड़ित परिवार ने चोर घर से करीब 8 से 10 लाख रुपये की कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और लगभग 22 हजार रुपये नकदी समेट ले गए। कोतवाली कालपी प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी का कहना है कि जल्द चोरों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। वहीं स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले लगभग 8 महीनों में यह चौथी चोरी की घटना है। इतनी वारदातों के बावजूद पुलिस न तो चोरों का सुराग लगा पाई है और न ही अब तक किसी मामले का खुलासा कर सकी है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर प्रो. मंगला सहित पांच दिव्यांग महिलाओं का सम्मान



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर शनिवार को संत नारायण पुनर्वास संस्थान काशी विद्यापीठ ब्लॉक शिवदासपुर में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित प्रोफ़ेसर मंगला कपूर सहित पांच दिव्यांग महिलाओं को सम्मानित किया गया। दिव्यांग होने के बावजूद भी अपने प्रेरणादायी जीवन से समाज में मिसाल पेश करने वाली महिलाओं को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह दिया गया। इस अवसर पर राज्य सलाहकार बोर्ड, दिव्यांग जन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश के सदस्य डॉ उत्तम ओझा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आज हमने जिन महिलाओं का सम्मान किया है। निश्चित रूप से उन्होंने समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। शारीरिक रूप से अक्षम होने के बावजूद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपनी लगन मेहनत परिश्रम और निष्ठा के बल पर वह स्थान हासिल किया है। जो हम सबके लिए बेहद प्रेरणादायक है । उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए तथा हम सबको समझ हो तो देश हित में कार्य करना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए डॉ. डी. बी. मिश्रा ने कहा कि महिला दिवस पर इन महिलाओं का सम्मान कर हम खुद सम्मानित हो रहे हैं।

–इन महिलाओं का किया गया सम्मान

1– प्रो. मंगला कपूर पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित, भारत में पहली एसिड अटैक की शिकार दिव्यांग महिला एवं राज्य स्तरीय तथा अनेक पुरस्कार प्राप्त उनके जीवन पर फिल्म बन चुकी है और यह काशी हिंदू विश्वविद्यालय में संगीत विभाग की अध्यक्ष भी रहीं ।

2– आरती टंडन सेवानिवृत्त शिक्षक 2001 में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यपाल आचार्य विष्णु कांत शास्त्री से सम्मानित, 2005 में राष्ट्रपति अब्दुल एपीजे अब्दुल कलाम से सम्मानित

3– सविता सिंह 2011 में राज्य सरकार से सम्मानित, 2015 में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित, 2025 में वियतनाम में अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मान से सम्मानित

4– डॉ. नीतू टहलनी राज्य पुरस्कार से सम्मानित एवं शिक्षक तथा काशी हिंदू विश्वविद्यालय से हिंदी में डॉक्टरेट

5– जाह्नवी चतुर्वेदी संगीत के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त नाम और छात्रा।

# नशेबाज ने पुलिसकर्मियों से की अभद्रता, वर्दी फाड़ने का आरोप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में अयाना थाना क्षेत्र स्थित ग्राम सुगंधा (कटघरा) में शराब के नशे में एक युवक ने पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता और हाथापाई कर दी। पीआरवी टीम ने मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को देते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पीआरवी पर तैनात हेड कांस्टेबल शिवकिशोर वर्मा अपने होमगार्ड साथी बृजेश कुमार के साथ 6 मार्च को ड्यूटी पर थे। रात करीब 10:35 बजे इवेंट नंबर से सूचना मिली कि अयाना थाना क्षेत्र के ग्राम सुगंधा (कटघरा) निवासी विशाल ने डायल 112 पर कॉल कर बताया कि उसका भाई शिवकुमार शराब के नशे में घर में उत्पात मचा रहा है। उसकी हरकत की वजह से परिवार के लोग काफी परेशान है। सूचना मिलते ही पीआरवी टीम मौके पर पहुंची। वहां पहुंचने पर पाया कि शिवकुमार शराब के नशे में हंगामा कर रहा था। पुलिसकर्मियों ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि इसी दौरान उसने पुलिसकर्मी से हाथापाई करते हुए वर्दी भी फाड़ दी। इस बीच शिवकुमार की मां त्रिवेणी देवी और भाई विशाल भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने भी पुलिसकर्मी के साथ अभद्रता करते हुए हाथापाई की। इससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। घटना के बाद पुलिसकर्मियों ने मामले की सूचना थाना अयाना को दी। आरोप है कि इसके बाद वे लोग पुलिस पर झूठे आरोप लगाने और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित पुलिसकर्मी ने पूरे मामले की लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अयाना थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। तहरीर के आधार मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही हैं।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में महिलाओं को मिलेगा सुगम दर्शन

**वाराणसी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में गेट नंबर चार (बी) से महिलाओं को सुगम दर्शन कराए जाने का निर्णय श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने किया है। न्यास की ओर से इस संबंध में आधिकारिक सूचना मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्रा ने शनिवार को देते बताया कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास और श्री काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास परिषद ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 08 मार्च को मंदिर में एक अलग पंक्ति लगाकर दर्शन करने की व्यवस्था बनाई है। इसके लिए महिला और उनके बच्चे उनके एक नंबर चार बी से आ सकते हैं। इसके अलावा काशीवासियों का तय समय सुबह शाम चार बजे से पांच बजे तक पर होने वाला दर्शन कार्यक्रम भी अपने समय पर होगा।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने किया 6.78 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उरई। उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार को उरई जनपद में सिंचाई एवं जल संसाधन से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का विधि-विधान से भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने बेतवा नहर प्रखण्ड प्रथम के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों की शुरुआत कर क्षेत्र के विकास को नई गति देने का संदेश दिया।

मंत्री ने बेतवा नहर प्रखण्ड प्रथम के अंतर्गत जिलेदारी कार्यालय (द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ) के नव निर्माण कार्य का शिलान्यास किया, जिसकी कुल परियोजना लागत 349.19 लाख रुपये है। इसके साथ ही उरई स्थित निरीक्षण भवन के नव निर्माण कार्य का भी भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया, जिसकी परियोजना लागत 329.53 लाख रुपये है। इन दोनों परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 678.72 लाख रुपये है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सिंचाई व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने तथा विभागीय व्यवस्थाओं को आधुनिक एवं सुसज्जित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। बेतवा नहर प्रखण्ड से जुड़े इन भवनों के निर्माण से विभागीय कार्यों के संचालन में सुविधा होगी तथा किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए, ताकि इनका लाभ शीघ्र ही आमजन और किसानों को मिल सके। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान आदि सहित सिंचाई विभाग के अधिकारी धर्म घोष अधिशासी अभियंता, वसीम राजा सहायक अभियंता, अंकित कुमार सिंह सहायक अभियंता तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाराबंकी में युवक की गला रेतकर हत्या

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के घूंघटेर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक युवक का शव गांव के बाहर खेत में मिला। उसकी धारदार हत्या से गला रेतकर हत्या की गई। पुलिस ने फारेंसिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच की जा रही है।पांच दिन बाद ही युवक की बहन की शादी है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि गांव के बाहर जिस युवक का शव मिला है उसकी पहचान छविनाथ के बेटे मिथुन रावत (20) के रूप में हुई है। 12 मार्च को मिथुन की बहन की शादी थी, जिसको लेकर घर में तैयारियां चल रही थी। शनिवार सुबह मिथुन का शव गांव के बाहर मिला। यह खबर जब परिवार को पता चली तो शादी वाले घर में मातम पसर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घरवालों ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार शाम को उनके बेटे के मोबाइल पर किसी का फोन आया और घर से चला गया। देर रात तक वह घर नहीं पहुंचा तो परिजन चिंतित हुए। शनिवार को उसका शव मिला। मिथुन के गर्दन सीने व हाथ पर कई वार के निशान मिले हैं। सूचना मिलते ही एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। एएसपी ने बताया कि पूछताछ में मृतक के परिजनों ने गांव के ही एक विशेष समुदाय के व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाया। परिजनों का आरोप है कि दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी। फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर मामले की जांच कर रही हैं, शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

# ऑपरेशन के बाद महिला की मौत पर परिजनों का अस्पताल में हंगामा



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बड़ा गांव स्थित मां शांति अस्पताल में ऑपरेशन के बाद शनिवार एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

शाहगंज क्षेत्र के दिपाईपुर गांव निवासी यशपाल की पत्नी रेखा देवी को बच्चेदानी के ऑपरेशन के लिए परिवार ने मां शांति अस्पताल में भर्ती कराया था। शुक्रवार रात करीब 10 बजे चिकित्सकों ने उनका ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद रेखा देवी की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिजनों का आरोप है कि मरीज की हालत बिगड़ने के बावजूद अस्पताल में कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था। अस्पताल स्टॉफ ने फोन पर चिकित्सक से संपर्क किया, जिसके बाद एक इंजेक्शन लगाया, लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। आरोप है कि उचित उपचार न मिलने के कारण रात करीब तीन बजे रेखा देवी की मौत हो गई। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि जरूरी जांच रिपोर्ट आने से पहले ही ऑपरेशन कर दिया गया था, जो गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। घटना की सूचना मिलते ही शाहगंज क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान समेत सर्किल के कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि परिजनों को समझाकर शांत कराया और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। मृतक महिला के देवर ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को लिखित शिकायत भी दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। मृतका के पति खाड़ी देश में नौकरी करते हैं।

# ईरान पर अमेरिका और इज़राइल की सैन्य कार्रवाई के खिलाफ काशी में धरना

■ विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया, मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। ईरान के खिलाफ अमेरिका और इज़राइल की सैन्य कार्रवाई के विरोध में शनिवार को साझा संस्कृति मंच से जुड़े विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने अम्बेडकर पार्क, कचहरी में मौन उपवास रखकर धरना-प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने कहा कि ओमान की मध्यस्थता में चल रही शांति वार्ता के बीच, युद्ध की घोषणा किए बिना, ईरान पर की गई एकतरफा सैन्य कार्रवाई, ईरान के राष्ट्रीय एवं धार्मिक नेता की हत्या तथा एक स्कूल और अस्पताल पर हमले में डेढ़ सौ से अधिक छोटी बच्चियों की मौत मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इज़राइल द्वारा की गई इस कार्रवाई से अंतरराष्ट्रीय शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हुआ है। वक्ताओं ने वेनेज़ुएला के खिलाफ एकतरफा सैन्य हस्तक्षेप और राजनीतिक दबाव की भी आलोचना की। कहा गया कि ग्रीनलैंड पर कब्जे, पनामा नहर पर नियंत्रण, कनाडा को अमरीका का ल्ल51वां राज्यङ्क बनाने तथा गाजा को ल्लअमेरिकी रिविएराङ्क बनाने जैसी धमकियां अमेरिका की अलोकतांत्रिक और अधिनायकवादी नीतियों को दर्शाती हैं। इसी तरह भारत पर अमेरिकी दबाव, जैसे रूसी तेल आयात रोकने की मांग, व्यापार समझौतों में टैरिफ की धमकी तथा 200 प्रतिशत टैरिफ की चेतावनी देकर भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने का दावा, साम्राज्यवादी दबाव की शृंखला का हिस्सा है। ऐसे दबावों के सामने भारत सरकार का कमजोर रुख देश की स्वतंत्र विदेश नीति, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक संप्रभुता के लिए हानिकारक है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी और पंडित नेहरू के नेतृत्व में चला भारत का स्वतंत्रता संग्राम साम्राज्यवाद के खिलाफ संघर्ष, विविधता में एकता और सर्वधर्म समभाव का प्रतीक रहा है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 51 भी अंतरराष्ट्रीय शांति, न्यायपूर्ण संबंध और अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान को बढ़ावा देने का निर्देश देता है। मंच ने अमेरिका और इज़राइल की सैन्य कार्रवाई की निंदा करते हुए युद्ध तत्काल रोकने और विश्व में शांतिपूर्ण सह अस्तित्व सुनिश्चित करने की अपील की है। रमज़ान के पवित्र महीने में जब दुनिया के एक हिस्से में खून-खराबा हो रहा है, तब वाराणसी के लोग सद्भाव और भाईचारे का संदेश देते हुए शांति की प्रार्थना कर रहे है। कार्यक्रम में फादर आनंद, जागृति राही, रामधीरज, रामजन्म, सतीश सिंह, डॉ आनंद प्रकाश तिवारी, रामजी प्रसाद गुप्ता, विशाल तिवारी, राजेन्द्र प्रसाद ,सिस्टर फ़्लोरिन, गीता देवी, सिस्टर मैरी, ममता, धन्नजय, महेंद्र राठौर, जितेंद्र यादव, अनिल कुमार, रवि शेखर, एकता सिंह, नीति, अनामिका, मोहम्मद आसिम, प्रेम नट, कृष्णा, दिव्यांश, रुम्मान, सुनीता व सारा आदि शामिल रहीं।